04 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 77

दिल्ली में आपदा सरकार, ये कट्टर बेईमान लोग: मोदी



विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान
DIASPORA'S CONTRIBUTION TO A VIKSIT BHARAT

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार



अपनेपन के अहसास के साथ ओड़िशा में प्रवासी भारतीयों का स्वागत है

18वां

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

8-10 जनवरी 2025 | भुवनेश्वर

अतिथि देवो भवः

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, ओड़िशा सरकार

DADLS-74

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार की सियासत का तिलिस्मी दरवाजा, जो हमेशा खुला ही रहता है

- इस दरवाजे की चाबी लालू और शाह के पास है, लेकिन ताला नीतीश के पास
- इस ताले का इस्तेमाल अपनी सुविधा के अनुसार करते रहते हैं नीतीश कुमार
- लेकिन बिना पलटी मारे यह दरवाजा खुलता नहीं, यही इसका रिवाज है
- इस दरवाजे के दीवाने कई हैं, क्योंकि इसके पीछे सत्ता की कुर्सी जो छिपी है
- फिर हिलने लगा है यह दरवाजा, डोल रहा है नीतीश का मन, लालू-शाह अलर्ट

**बिहार में एक तिलिस्मी दरवाजा है, जो बहुत ही चर्चित है। यह एक ऐसा दरवाजा है, जो आज तक कभी बंद नहीं हुआ। यह हमेशा खुला ही रहता है। इस दरवाजे के दीवाने कई हैं, क्योंकि इस दरवाजे के पीछे सत्ता की कुर्सी जो छिपी रहती है। लेकिन इस दरवाजे की एक खासियत है। यह दरवाजा सिर्फ और सिर्फ नीतीश कुमार की ही बाट जोहता रहता है। इस दरवाजे की दो चाबियां बतायी जाती हैं। इनमें से एक चाबी लालू प्रसाद के पास है और दूसरी भाजपा आलाकमान के पास। लेकिन इस दरवाजे का ताला समय-समय पर नीतीश कुमार अपने हिसाब से खोलने की इजाजत देते रहते हैं। वह अपनी सुविधा के अनुसार अपना ताला खोलने की इजाजत कभी लालू को देते हैं, तो कभी अमित शाह को। वैसे इस दरवाजे का तिलिस्म आज तक कोई समझ नहीं पाया है, सिवाय नीतीश कुमार के। नीतीश कुमार और बिहार का यह दरवाजा किसी पहेली से कम नहीं है। लेकिन इस दरवाजे में प्रवेश करने का एक रिवाज है। बिना पलटी मारे इस दरवाजे के अंदर प्रवेश नहीं किया जा सकता और इस कला के माहिर खिलाड़ी हैं नीतीश कुमार। जब-जब बिहार के इस दरवाजे के खड़कने की आवाज आती है, नीतीश कुमार का शरीर खुद-ब-खुद पलटी मारने के लिए तैयारी करने लगता है। फिलहाल बिहार का यह तिलिस्मी दरवाजा फिर से आवाज देने लगा है, हिलने लगा है। इसके मद्देनजर लालू प्रसाद यादव और अमित शाह ने अपनी-अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है। दोनों अलर्ट मोड में आ चुके हैं। कोई कह रहा है कि खरमास के बाद इस दरवाजे का ताला खुलेगा, तो कोई इसे कोरी कल्पना ही बता रहा है। नीतीश कुमार बस मुस्कुरा रहे हैं। उनके मन में क्या चल रहा है, किसी को नहीं पता, बस उन्हें ही पता है । क्या है बिहार के इस तिलिस्मी दरवाजे की पूरी कहानी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

देश भर में इन दिनों दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार के उस ह्यदरवाजेह्न की खूब चर्चा हो रही है, जिसका ताला पिछले दो दशक से नीतीश कुमार के पास है, लेकिन खास बात यह है कि इस ताले की दो चाबियां थोड़े-थोड़े अंतराल में इस्तेमाल में आती रहती हैं। इन दोनों चाबियों में से एक राजद सुप्रीमो लालू यादव के पास है, तो दूसरी भाजपा आलाकमान के पास। दो चाबियों वाले इस मजबूत ताला लगे दरवाजे की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह कभी बंद नहीं होता, बल्कि हमेशा खुला ही रहता है। इसलिए इसे 'तिलस्मी दरवाजा' कहा जाता है।

बिहार के इस 'तिलस्मी दरवाजा' के नायक हैं नीतीश कुमार, जो एक बार फिर अपनी रहस्यमयी मुस्कान के साथ चचाओं के केंद्र में हैं। 2005 से लगातार बिहार की कमान संभाल रहे नीतीश कुमार को लेकर इन दिनों कई तरह की अटकलें लगायी जा रही हैं। इस कारण कयासों का बाजार गर्म है। चर्चा इस बात की है कि इस बार दरवाजे की चाबी का इस्तेमाल लालू यादव करनेवाले हैं, जिन्हें नीतीश कुमार 'बड़ा भाई' भी मानते हैं और 'राजनीतिक सहयात्री' भी। लालू यादव ने नीतीश को एक बार फिर साथ आने का ऑफर दिया है। लालू कह रहे हैं कि दरवाजा तो उनका भी खुला है। इसके बाद से इन चचाओं को पंख लग गये हैं। हालांकि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लालू के इस ऑफर को बहुत तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि नीतीश जी के लिए उनके दरवाजे अभी भी बंद हैं। वहीं इनसे जुड़े सवालों पर नीतीश कुमार ने मुस्कुरा कर हाथ जोड़ लिये। नीतीश की इस अदा से चचाओं को और बल मिला, क्योंकि इससे पहले वह इस तरह के सवालों का खुलकर जवाब देते रहे हैं। वहीं उनकी पार्टी जदयू ने लालू यादव के बयानों को बहुत अधिक तवज्जो नहीं दी है। उसका कहना है कि वह पहले भी एनडीए के साथ थी और आगे भी रहेगी।

## कैसे शुरू हुई चर्चा

दरअसल, नीतीश कुमार के पाला बदलने की चर्चा दो दिन पहले उस समय शुरू हुई, जब नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के शपथ ग्रहण समारोह में उनका नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से आमना-सामना हुआ। दुआ-सलाम के साथ बात आगे बढ़ी और कुछ फुसफुसाहट तक पहुंच गयी। इधर आरिफ मोहम्मद खान को बिहार भेजे जाने के पीछे का कारण भी नीतीश कुमार के भाजपा नेताओं के साथ बिगड़ते रिश्ते को ही बताया गया। तेजस्वी से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार दिल्ली गये, जहां उन्होंने भाजपा नेताओं से भेंट नहीं की, बल्कि सीधे पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के आवास पर चले गये और वहां कुछ कांग्रेस नेताओं से उनकी मुलाकात हुई। नीतीश के भाजपा नेताओं से नहीं मिलने के बाद यह कयास लगाये जाने लगे कि भाजपा के साथ उनके रिश्ते कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। दिल्ली से लौटने के बाद जब उनसे इस बाबत पूछा गया, तो उन्होंने सिर्फ हाथ जोड़ दिये और मुस्कुरा कर इतना भर कहा, क्या बोल रहे हैं।



## नीतीश कुमार का इतिहास

पिछले करीब दो दशक से बिहार में नीतीश कुमार और सीएम की कुर्सी एक-दूसरे का पर्याय बन गये हैं। यहां तक कि नीतीश कुमार ने जब-जब पाला बदला, वह मुख्यमंत्री की कुर्सी को अपने साथ ही ले गये हैं। एक तरह से सीएम की कुर्सी पर नितीश कुमार का कॉपीराइट हो चूका है। हर बार उन्होंने विभागों या उप मुख्यमंत्री पद को लेकर ही समझौता किया है। उनके साथ समझौता करने वाली बीजेपी हो या आरजेडी, दोनों इस बात पर सहमत रही है। नीतीश कुमार को जब भी अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में नजर आती है, वह अपना पाला बदल लेते हैं। नीतीश कुमार 2005 से लगातार बिहार के सीएम हैं।

बीच में 2014-15 में 10 महीने के लिए उन्होंने जीतन राम मांझी को सत्ता सौंपी थी। नीतीश कुमार के साथ एक खास बात यह है कि उन्होंने कभी बहुमत हासिल नहीं किया, लेकिन हमेशा मुख्यमंत्री रहे। 1996 में भाजपा के साथ आने के बाद वह 2015 तक इसके साथ रहे। वह 2005 में पहली बार भाजपा की मदद से सीएम बने। 2014 में उन्होंने भाजपा का साथ छोड़ दिया और 2015 में महागठबंधन में शामिल हो गये। 2017 में नीतीश ने एक बार फिर भाजपा से दोस्ती कर ली। लेकिन 2022 में वह एक बार फिर पलट गये और महागठबंधन में आ गये। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने एक बार फिर पलटी मारी और भाजपा के साथ हो लिये।

## तिलिस्मी दरवाजे की कहानी

नीतीश कुमार के एक बार फिर पाला बदलने की चचाओं ने ही 'तिलस्मी दरवाजे' की कहानी को जन्म दिया है। जब-जब नीतीश कुमार ने पाला बदला है, बीजेपी और आरजेडी ने हर बार कहा है कि नीतीश के लिए उसके दरवाजे बंद हैं। चाहे लालू यादव हों या तेजस्वी यादव, अमित शाह हों या जेपी नड्डा, हर नेता नीतीश कुमार के लिए अपना दरवाजा बंद होने की बात तो कहता है, लेकिन हर बार सत्ता की रौशनी से वह ताला खुल जाता है। यही है 'तिलस्मी दरवाजे' की पूरी कहानी।

## इस बार क्या हो सकता है

नीतीश कुमार बार-बार सफाई दे रहे हैं। कह रहे- अब पिछली गलती नहीं करेंगे। एनडीए में ही रहेंगे। उनकी इस सफाई के बावजूद न भाजपा उनके साथ बने रहने को लेकर आश्वस्त है और विपक्षी गठबंधन इंडी ही हतोत्साहित है। इंडी ब्लाक को अब भी उम्मीद है कि नीतीश फिर पाला जरूर बदलेंगे। इंडी ब्लाक का ऑफर शायद अब भी बरकरार है। लालू तो अपना दरवाजा पहले ही खोले बैठे हैं। वैसे बिहार की राजनीति पर नजर रखनेवाले नीतीश कुमार के एक बार फिर पाला बदलने की चचाओं पर कहते हैं कि बिहार में जो राजनीति हो रही है, वह राजनीति का सबसे निचला स्तर है। अगर नीतीश कुमार फिर पाला बदलते हैं, तो वह दगाबाजी का रिकॉर्ड बनायेंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि नितीश कुमार का ताला बंद रहेगा या फिर उसे खोलने की फिर से इजाजत दी जायेगी।

---

### प्रमंडल स्तरीय राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

# म्यूटेशन के लंबित मामलों को तेजी से निपटायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों के साथ राजस्व सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। दाखिल खारिज की समीक्षा के क्रम में अकारण 90 दिनों तथा 30 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों को तीव्र गति से समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिये। साथ ही रिजेक्ट आवेदनों का आधार क्या है, कारण स्पष्ट करें।

उन्होंने सभी अपर समाहर्ता को निर्देश दिया कि दाखिल खारिज के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों को चिन्हित कर उनकी समय समय पर समीक्षा बैठक करें और शिकायत मिलने पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीओ कार्यालय में लंबे समय से एक ही जगह पर कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों का स्थानांतरण करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा कि अंचल में बैठने वाले पदाधिकारी और कर्मी लोगों से अच्छी तरह से बात करें एवं उनके समस्याओ का समाधान करने में सहायता करें। हम पब्लिक सर्वेंट हैं लोगो की परेशानी दूर करना हमारा दायित्व है।



उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट पूरी तरह से इंप्लीमेंट हो। बैठक में उन्होंने कहा जमीन नकल संबंधित आवेदनों का अच्छी तरह से सत्यापन करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने कहा कि अपने स्तर से सभी सीओ को निर्देश दे कि अपने अपने क्षेत्र के गैर मजरूआ, खास भूमि का भौतिक निरीक्षण कर अतिक्रमण भूमि पर वाद चलाए। सीओ सभी जमीन का ब्यौरा तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करें। रांची के खास महाल जमीन की खरीद बिक्री पर रोक रहे। सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधी मामलों की भी समीक्षा की गयी।

केंद्र और राज्य सरकार की परियोजनाओं के लिए जमीन हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी आयुक्त ने ली। जिन जिलों में भूमि हस्तांतरण के कार्य लंबित हैं, वहां जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार,अवर सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

---

### छवि रंजन के मामले में हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से रांची की निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देनेवाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में दाखिल की गयी है। मामले में कोर्ट ने इडी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में छवि रंजन की ओर से इडी कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को चुनौती देते हुए केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। साथ ही छवि रंजन की ओर से अपनी गिरफ्तारी को भी अवैध बताया गया है। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, वे उसी समय से जेल में है। इस मामले में उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दी है। बता दें कि मामले में इडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ इसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।**

---

# मनरेगा घोटाला : हाइकोर्ट ने निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के मामले में इडी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले मामले में आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से अभियान स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने इडी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का समय प्रदान किया। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है, लेकिन इडी की ओर से ऐसा नहीं किया गया है, इसलिए मनरेगा घोटाला मामला में उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाये।

बता दें की मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल सहित सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है, उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल है। प्रवर्तन निदेशालय ने 200 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड अधिक थे। इडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों एवं दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी। गौरतलब है कि इडी ने तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी एवं निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से इडी को 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए थे।






www.epaper.azadsipahi.in

04 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 77







## न्यूज रील्स

### विदेश जानेवालों को केंद्र को व्यक्तिगत जानकारी देनी होगी

नयी दिल्ली। भारत सरकार विदेश जाने वालों से 19 तरह की निजी जानकारियां लेगी। इसमें यात्री कब, कहां और कैसे यात्रा कर रहे हैं। इसका खर्च किसने और कैसे उठाया। कौन कब कितने बैग लेकर गया। किस सीट पर बैठा। जैसी जानकारियां ली जायेंगी। यह डेटा 5 साल तक स्टोर रहेगा। जरूरत पड़ने पर इसे अन्य लॉ एंफोर्समेंट एजेंसियों के साथ भी साझा किया जा सकेगा।

दिल्ली में पीएम ने किया चुनावी सभा का शंखनाद, आप पर निशाना साधा

# दिल्ली में आपदा सरकार ये कट्टर बेइमान लोग: मोदी

- हमने चार करोड़ से ज्यादा गरीबों के घरों का सपना पूरा किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने अशोक विहार में जनता को संबोधित करते हुए आप सरकार पर निशाना साधा। मोदी ने आप सरकार को आपदा सरकार बताया। उन्होंने कहा कि सत्ता में खुद को कट्टर इमानदार बताने वाले लोग बैठे हैं, जो वास्तव में कट्टर बेइमान हैं। वे खुद शराब घोटाले के आरोपी हैं। ये चोरी भी करते हैं और सीनाजोरी भी। दिल्ली वालों को इस आपदा सरकार को सत्ता से हटाना है। आज हर गली कहती है आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव के लिए नारा दिया कि 'आपदा को हटाना है, भाजपा को लाना है।'

**आप पर साधा निशाना:** प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेइमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला। दिल्ली वालों ने आपदा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। वोटर आपदा से दिल्ली को मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है, हर बच्चा कह रहा है, हर गली से आवाज आ रही है- आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे।

**मैं भी शीश महल बना सकता था :** मोदी ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। लेकिन बीते वर्षों में चार करोड़ से ज्यादा गरीबों के घरों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था। मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, मेरा यह सपना था। आप जब भी लोगों के बीच जायें, उनसे मिलें और अभी भी जो लोग झुग्गी में रहते हैं, मेरी तरफ से उन्हें वादा करके आना। मेरे लिए आप ही मोदी हैं। आज नहीं तो कल, उनके लिए पक्का घर बनेगा और मिलेगा।

### आयुष्मान योजना समेत अन्य का किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में 500 जन औषधि केंद्र बनाये गये हैं। 80 फीसदी दवाओं पर डिस्काउंट मिलता है। 100 रुपये की दवा 15 रुपए में मिलती है। मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना चाहता हूं, लेकिन आपदा सरकार को दिल्ली वालों से दुश्मनी है। आपदा वाले योजना लागू नहीं होने दे रहे हैं। नुकसान दिल्लीवालों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदूषण और यमुना की गंदगी के लिए भी आप सरकार को घेरा।

आप सुप्रीमो का प्रधानमंत्री पर पलटवार

# आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आयी : अरविंद केजरीवाल

- प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि 43 मिनट के भाषण में कोई काम नहीं गिना पाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री सह आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आयी हुई है। भाजपा के पास न तो मुख्यमंत्री का चेहरा है, और न ही एजेंडा। हमने दिल्ली में इतने काम किये हैं कि घंटों तक गिना सकते हैं। अपने 43 मिनट के भाषण में वे (पीएम) कोई काम नहीं गिना पाये। केजरीवाल प्रधानमंत्री की सभा के बाद मीडिया से बात कर रहे थे।

**दिल्ली में कानून-व्यवस्था की आपदा:** केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के अंदर कानून-व्यवस्था की आपदा है। गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं, व्यापारी रो रहे हैं और सुरक्षा मांग रहे हैं। मोदी और शाह के कानों में आवाज नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा, मैं मोदी जी से कहना चाहूंगा कि शाह जी से कहें सरकारें जोड़ने-तोड़ने से थोड़ा सा समय मिले, तो दिल्ली की सुरक्षा पर ध्यान दें। जो काम हम कर रहे हैं, उसे आपदा नहीं, आशीर्वाद कहते हैं।

### 2014 से पहले कोई काम नहीं होता था



केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में लिखा है कि पूर्वांचलियों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ। हमारे यहां पूर्वांचली पढ़ने आते हैं या काम करने आते हैं। दिल्ली के अंदर कच्ची कॉलोनियों के भीतर 2014 से पहले कोई काम नहीं होता था, नर्क रहता था। दस साल में आम आदमी पार्टी ने उनके लिए सड़कें, गलियां, नालियां, सीसीटीवी, सीवेज, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बना कर उनको इज्जत दी। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2020 में हरदीप सिंह पुरी जी आये थे। कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले 40 लाखा लोगों को मालिकाना हक देने का वादा दिया था। पांच साल में 25 हजार की रजिस्ट्री हुई है। लोग कहने लगे हैं कि ये जो कहते हैं, वो तो बिल्कुल नहीं करते।

# मनमोहन सिंह के घर अखंड पाठ और भोग

- सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के सात दिन बाद शुक्रवार को उनके घर पर अखंड पाठ और भोग कार्यक्रम रखा गया। इसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सोनिया और खड़गे ने मनमोहन सिंह के घर पहुंच कर सबसे पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी। फिर परिवार से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस के अन्य बड़े नेता भी मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर की रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। इसके बाद 28 दिसंबर को निगमबोध घाट पर उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# मंईयां सम्मान समारोह में अन्य जिलों से भी आयेंगी लाभुक

- उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री कर रहे तैयारी की मॉनिटरिंग
- ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्लान तैयार




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकंक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना है। इस योजना को लेकर रांची में नामकुम के खोजाटोली स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में छह जनवरी को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी चरम पर है। विभाग कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दे रहा है। लाभुकों की सूची तैयार की गयी है। समारोह में कहां-कहां की लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री राशि हस्तांतरित करेंगे, इसकी सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं रांची में समारोह स्थल पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। समारोह स्थल की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हर दिन तैयारी के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं और व्यवस्था को देख रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से भी लाभुकों के आने की उम्मीद है।

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से लाभुक आयेंगी। इसमें दो-तीन लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। तैयारी भी इसी अनुरूप से की जा रही है। जिलों से लाभुकों को लेकर आनेवाले वाहनों का रूट चार्ट निर्धारित कर दिया गया है। लाभुकों के वाहन रिंग रोड से वाया खरसीदाग कुटीयातू मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं, वीवीआइपी और वीआइपी वाहन सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल के पास अलग-अलग पार्किंग जोन बनाये गये हैं, जहां बस समेत अन्य वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि लाभुकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। पेयजल, चलंत शौचालय आदि सभी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया गया है। मंच और पंडाल आदि को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सलीमा टेटे को दी बधाई




- हॉकी खिलाड़ी का अर्जुन अवॉर्ड के लिए हुआ है चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार के चयन के लिए बधाई दी है। इस बाबत उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोशल मीडिया पर सलीमा टेटे की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि झारखंड की बेटी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, ओलंपियन और भारतीय महिला हॉकी की कप्तान सिमडेगा की निवासी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार के लिए चयन किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। बता दें कि झारखंड की बेटी सलीमा टेटे का चयन अर्जुन अवॉर्ड के लिए किया गया है। दरअसल देश के 32 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड से नवाजा जायेगा। उसमें झारखंड के सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे का भी नाम है। सभी खिलाड़ियों को 17 जनवरी राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

# वादे के अनुसार 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदे हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

- प्रदेश अध्यक्ष ने लगाया आरोप सरकार किसानों को प्रोत्साहित करने की बजाय निराश कर रही



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी में किसानों को इंसाफ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद राज्य में इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। किसानों को अपनी मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करने का आश्वासन दिया था, लेकिन राज्य सरकार अपने वादे से उलट गयी। आज राज्य में 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद और 100 रुपये बोनस के साथ 2400 रुपये प्रति क्विंटल से खरीद हो रही है। बाबूलाल शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू और सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### धान क्रय केंद्र अब तक नहीं खुले

बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार ने 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है, लेकिन स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गये हैं। अफसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उद्घाटन किये ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं। राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं, उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे। यही कारण है कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15 प्रतिशत धान भी अब तक नहीं खरीद सकी है।

### धान खरीद में कटौती भी चल रही

बाबूलाल ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजायी फसल को 1800-1900 रुपये प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। वहीं, राज्य सरकार इसमें भी धान को गीला बताकर प्रति क्विंटल 10 से 15 किलो की कटौती कर रही है। इधर बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के दलाल-बिचौलिये धान खरीद के लिए बाइक से गांव-गांव घूम रहे हैं। वे सीधे ट्रक लेकर गांव तक पहुंच जा रहे हैं और किसानों से कम कीमत पर धान खरीद ले रहे हैं।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## सबकी योजना सबका विकास पर प्रशिक्षण



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में पंचायती राज विभाग झारखंड, रांची और जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कोडरमा के निर्देश के आलोक में सबकी योजना सबका विकास 2024 अंतर्गत जिला-सह-प्रखंड संसाधन दल द्वारा ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण प्रखंड सांस्कृतिक भवन, जयनगर में आहूत की गयी। उक्त के आलोक में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चार बैच में निर्धारित है। उनके दूसरे दिन जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, डीपीएम सुनील कुमार सिंह, डीपीआरओ कार्यालय के प्रधान सहायक अभय नंदन कुमार, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार, पंचायत सेवक रंजीत कुमार राणा, शिवकुमार यादव और सभी पंचायत के पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य, एक आंगनबाड़ी सेविका और एक जलसहिया, पंचायत स्वयं सेवक, मास्टर ट्रेनर के रूप में लक्ष्मण यादव, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## 71 पोषण शखी को मिला नियुक्ति पत्र



सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड शुक्रवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के बीच 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला की उपस्थिति में पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 88 में से 71 पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर प्रखंड के पोषण सखी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने सभी पोषण सखी बहनों से अपील करते हुए कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाये। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, लिपिक भारत किशोर महतो, पोषण सखी इंदु कुमारी, सुलेखा कुमारी, पम्मी कुमारी, ललिता कुमारी, अनु कुमारी, रफत जहां, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, कविता कुमारी, बिंदु कुमारी आदि मौजूद थीं।

## अनीता देवी हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग




हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी की पत्नी अनीता देवी के घर में संदिग्ध मौत का जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हजारीबाग जिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिला। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तिवारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के साथ स्व अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता और जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात किया। इस दौरान विस्तृत घटना की जानकारी और ज्ञापन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल हजारीबाग एसपी से दूरभाष पर बात की, जिस पर हजारीबाग एसपी ने तीन दिनों के अंदर कार्रवाई का आश्वासन दिया ।

## नरकी के प्रवासी मजदूर की राजस्थान में मौत



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नरकी पंचायत स्थित अलकिलवा गांव के झमन गंझू के पुत्र नरेश गंझू 36 का राजस्थान में निधन एक जनवरी को हो गया। खबर मिलते ही परिजन सदमे में हैं, वहीं गांव वाले भी शोक में हैं। मिली जानकारी के मुताबिक चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कैलाश महतो द्वारा नरेश गंझू पिछले 3 माह पूर्व रोजगार के लिए राजस्थान गये थे। मृतक नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर पद पर कार्यरत थे। अचानक 1 जनवरी को देर रात सोते सोते ही उनकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे बूढ़े माता पिता, पत्नी बासो देवी, पुत्र सूरज कुमार 12 वर्ष, प्रकाश कुमार 9 वर्ष, सुजीत कुमार 6 वर्ष, राजेंद्र कुमार 2 वर्ष को छोड़ गये। परिवार में नरेश गंझू अकेला घर चलाने वाला कमाऊ व्यक्ति था। पूरा परिवार इन्ही पर आश्रित था। गुरुवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही जेएलकेएम के मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, संतोष महतो, जोगन महतो, नेमचंद कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हिम्मत बंधाया। इंजिनियर मुकेश कुमार महतो कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर शव को गाव लाने और मुआवजा दिलाने के साथ हर संभव मदद करने का आश्वासन भी परिजनों को दिया।

## अडाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने शुरू की डिजिटल तकनीक से ओपन कास्ट माइनिंग

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) और केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआइएमएफआर) के मार्गदर्शन में भारतीय खनन उद्योग में एक अभूतपूर्व विकास हुआ है। भारत में पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित डोजर पुश माइनिंग तकनीक का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। खनन क्षेत्र में भारत की अग्रणी निजी कंपनी अडाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान में इस तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण बीते सप्ताह किया। यह परीक्षण खनन तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें कोयला निष्कर्षण प्रक्रिया के लिए मानव रहित मशीनों का उपयोग किया गया है। डिजिटल स्वायत्त खनन की दिशा में यह तकनीक बेहतर उत्पादन और सलामती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। डोजर पुश माइनिंग परीक्षण में एक स्वचालित ड्रिल मशीन द्वारा ड्रिल करके कास्ट ब्लास्टिंग किया जाता है। ब्लास्टिंग के बाद, ब्लास्ट की गयी सामग्री को इस प्रक्रिया के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गयी एक स्वचालित, बड़े आकार की डोजर मशीन का उपयोग करके उसे डीकोल किये गये क्षेत्र में स्थापित करते हैं। भारत में पहली बार अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा कोयला खनन में उपयोग में ली जा रही इस डोजर पुश तकनीक के परीक्षण की सफलता को सीएसआईआर और सीआईएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एम पी रॉय ने भी सराहना की और कहा कि यह नयी तकनीक भारत में ओपन कास्ट खनन कार्यों में क्रांति ला सकती है। डोजर पुश माइनिंग विधि पारंपरिक ड्रैगलाइन और ट्रक/शॉवल उत्खनन का एक आधुनिक विकल्प है। यह न केवल खनन प्रक्रिया की गति और दक्षता को बढ़ाता है बल्कि परिचालन लागत को भी कम करता है। परीक्षण का नेतृत्व सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने किया, जिसमें डॉ. एम पी रॉय, डॉ. विवेक कुमार हिमांशु, आर एस यादव, सूरज कुमार और डॉ. आशीष कुमार विश्वकर्मा का योगदान रहा, जिन्होंने पीईकेबी खदान में डोजर पुश माइनिंग तकनीक के प्रथम विस्फोट के सफल निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीईकेबी खदान छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर के उदयपुर विकासखंड में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को आवंटित है और अडाणी नेचुरल रिसोर्सेस को झारखंड के हजारीबाग स्थित बड़कागांव में गोंडुलपारा कोयला खदान आवंटित है, जहां जल्द ही खनन कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

# संत कोलंबा कॉलेज में सावित्री बाई फुले की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। भारत की पहली महिला शिक्षिका और महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाने वाली माता सावित्रीबाई फुले की जयंती संत कोलंबा कॉलेज के शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड विभाग में डॉ अर्चना सिंहा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उन्होने कहा की सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। उन्होंने छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह तथा विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध काम किया। वह एक कवियत्री भी थी, उन्हें मराठी की आदि कवियत्री के रूप में भी जाना जाता है। प्रबंधक डॉ अंबेडकर भागवत, धीरज गुप्ता, डॉ प्रेमलता सिंह, डॉ अनिमा लकड़ा, डॉ राबिया खातून, प्रो मंजुला भगत ने बीएड ग्रुप की जिम्मेवारी संभाली और केक काट कर जयंती मनायी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने बड़ चढ़ कर भाग लिया।

### आंदोलनकारियों ने मनाया जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले की जयंती

टाटीझरिया(आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा टाटीझरिया के बैनर तले प्रखंड स्तरीय बैठक सह झारखंड आंदोलनकारी दिवस शुक्रवार को होलंग हाई स्कूल में मनाया गया। बैठक की शुरुआत मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रवि सिंह ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा झारखंड की माटी में जन्मे देश के बड़े आदिवासी नेता थे। वह फुटबॉल और हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी थे। आईसीएस की परीक्षा पास की, लेकिन आदिवासियों के हित में काम करने के लिए राजनीति में आये। संविधान सभा में आदिवासियों के मुद्दों को प्रमुखता से रखा। उनके जयंती पर आंदोलनकारी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों का पेंशन शीघ्र चालू कराने की मांग झारखंड सरकार से करते हैं। बैठक का संचालन कर रहे योधी प्रसाद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर



आंदोलनकारियों को सम्मान देने के साथ ही उनकी बातों को भी शासन-प्रशासन को गंभीरता से लेने की जरूरत है। मौके पर प्रेमचंद गुप्ता, जगदीशचंद्र यादव, इंद्रदेव यादव, परमेश्वर प्रसाद कुशवाहा, मानकी ठाकुर, चोलो यादव, सहदेव प्रसाद कुशवाहा, खिरोधर महतो, देवा यादव, दीपचंद यादव, मोफिल अंसारी, रियासत अंसारी, जग्रनाथ सिंह, गणेश प्रसाद यादव, अरूण राम, बंशीलाल मांझी, अशोक सिंह, महेश मांझी, नारायण मंडल, रूपण साव, बलदेव महतो, ननकी देवी, गणेश प्रसाद, इंदु महतो, किशोरी महतो, उमेश ठाकुर, महादेव मांझी, अमृत सिंह, इंद्रदेव महतो आदि मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री को दिया धन्यवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



कोडरमा। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य के शिक्षा मंत्री को संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष मास्टर उस्मान के नेतृत्व में सौपे गये ज्ञापन पर मांग को स्वीकार करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नयी दिल्ली द्वारा के आदेश अनुसार झारखंड राज्य में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को आरटीइ के अंतर्गत मान्यता प्राप्त किये जाने के संबंध में उमाशंकर सिंह प्रभारी सचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने भी आदेश जारी किया गया। इसके उपरांत पासवा ने राज्य में संगठित सभी संगठन के साथ रांची के मोराबादी मैदान में एक विशेष बैठक की और इस बैठक के बाद शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को आवास पर निजी विद्यालय से जुड़ी समस्याओं में संशोधित नियमावली को निरस्त कर निःशुल्क और बाल शिक्षा अधिनियम के अंतर्गत मान्यता देने की मांग, जमीन की बाध्यता और नियमों को शिथिल कर मान्यता देने के साथ-साथ प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित याचिका और न्यायालय में दाखिल आदेशों से उन्हें अवगत कराया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारी अरविंद कुमार, उस्मान कच्छी, सैयद अंसारुल्लाह, निशा भगत, मुमताज आलम, डॉ बीएनपी बर्णवाल, प्रदीप कुमार, विद्या गौतम, फराह फातिमा, डोनल चौधरी, जय वर्मा, दीपक कुमार दिलीप कुमार अभय कुमार, नीलकंठ बर्णवाल, दीपक कुशवाहा, पल्लव मोदी, अनिल गुप्ता, मुन्ना सिंह, राजकुमार वर्मा, गयासुद्दीन अंसारी और अन्य मौजूद थे।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत स्थित होली फैमिली अस्पताल के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान मुकेश यादव (उम्र 30 वर्ष, पिता मोहन यादव ग्राम तिलैया बस्ती) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने रिश्तेदार कोडरमा की ओर से अपने घर तिलैया बस्ती की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोडरमा होली फैमिली अस्पताल के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना में शुक्रवार की शाम जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाब रोड में बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुरेश हेंब्रम (उम्र 28 वर्ष पिता पूरना हेंब्रम ग्राम बंदर चौकवा) के रूप में हुई है।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। एनएच-522 बिजली सबस्टेशन के पास शुक्रवार शाम दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाईक में सवार दो युवक विष्णुगढ की दिशा से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। वहीं एक बाईक पर दो युवक सवार हटवे से दूधमटिया की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों बाईक की टक्कर बिजली सबस्टेशन के पास हो गई। इस सडक दुर्घटना में होलंग निवासी मालो महतो के पुत्र हीरामन महतो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। टाटीझरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को अस्पताल भेजवाया।**

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर स्वास्थ्य शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



कोडरमा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बागीटांड स्टेडियम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर भारी और मालवाहक वाहनों के चालक और खलासी के स्वास्थ्य की जांच की गयी, साथ ही उन्हें यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी भी दी गयी। कोडरमा पुलिस और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया और ट्रक, ट्रेलर और भारी वाहनों को चलाने वाले ड्राइवर और खलासी के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गयी, साथ ही कल उनके आंखों की जांच भी की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग से आये चिकित्सकों ने बारी-बारी से सभी के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये और उनके बीच मुफ्त दवाईयां भी बांटी। इसके अलावा चिकित्सकों के द्वारा उन्हें नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गयी। यातायात निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि वाहनों के परिचालन के लिए ड्राइवर और खलासी का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी है। वही परिवहन विभाग के एमवीआइ हिमांशु ने बताया कि नियमित तौर पर भारी वाहनों के चालक और खलासी के स्वास्थ्य की जांच की जाती है, लेकिन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विशेषतौर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों पर पूर्ण नियंत्रण लगाना तो मुश्किल है, लेकिन इस अभियान के जरिये उन हादसों में कमी जरूर लायी जा सकती है।

## ब्लॉक में विधायक रोशनलाल चौधरी ने लगाया जनता दरबार

# समस्याओं का होगा तत्काल निराकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। विधायक रोशनलाल चौधरी ने शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन परिसर में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण प्रतिनिधि और उनके समर्थकों ने बुके भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक श्री चौधरी ने सीओ मनोज कुमार और बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल के उपस्थिति में जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याओं से सीधे रूबरू होते हुए पदाधिकारियों को उनके समस्या के समाधान का निर्देश दिया। तत्पश्चात बारी - बारी से करीब एक दर्जन लोगों ने अपनी समस्या रखी।

मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की आप अपनी जायज समस्या सीधे हम तक पंहुचाएं और दलालों पर लगाम लगाने में हमारी मदद करें। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टचार और कुव्यवस्था को देखते हुए संघर्ष का यह रास्ता खोलना पड़ा है। प्रखंड पदाधिकारियों और कर्मियों को चेताते हुए कहा कि जनता के किसी भी आवेदन को पेंडिंग ना रखें। गलत हो तो सीधे खारिज करें लेकीन लटकाकर कतई ना रखें। आपके इसी कार्यशैली के कारण बिचौलियों और दलालों को बढ़ावा मिलता है। अगर सुधार नहीं हुआ तो आपके खिलाफ जनता आंदोलन को बाध्य होगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पूर्वी भाजपा मंडल, अध्यक्ष खेमलाल महतो, आदित्य साहू सोनी, आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, सोहनलाल मेहता, रामपति राम, मुखिया बासुदेव यादव, मुखिया अनिकेत कुमार नायक, राजदेव महतो, पूर्व मुखिया अशोक महतो, कामेश्वर महतो, उपेन्द्र कुमार, मनोज प्रसाद दांगी, बिनोद राम, रवि राम, राम चंद्र राणा, मेवा नाग सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने कोयला खनन के अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता (आइआरएसएम) के अंतर्गत फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए अंतर क्षेत्रीय खेलकूद का आयोजन किया। यह टूर्नामेंट 3 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया है। इन टीमों में केडीसीएमपी, सीबीसीएमपी, पीबीसीएमपी, कोयला खनन मुख्यालय और नॉर्थ धाडू, टीएलसीएमपी, डीएलसीएमप और बादम सीएमपी की टीमे शामिल हैं इस टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह गुरुवार को नमन विद्या स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में परियोजना प्रमुख केरेडारी शिव प्रसाद, परियोजना प्रमुख बादम एके सक्सेना और परियोजना प्रमुख चट्टी बारियातू नवीन गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। शिव प्रसाद ने कहा की खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं बल्कि टीम भावना, नेतृत्व और एकता को भी मजबूत करते हैं। ए.के. सक्सेना और नवीन गुप्ता ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ मैदान में खेलने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान परियोजना प्रमुखों और सभी टीम कप्तानों ने टूर्नामेंट के प्रतीक चिन्ह (मास्कॉट) और विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया। उद्घाटन समारोह का एक मुख्य आकर्षण आईआरएसएम ज्योति प्रज्वलन था। तीनों एचओपी ने इस ज्योति को प्रज्वलित किया और इसे टीम कप्तानों को सौंपा। इसके बाद सभी टीम कप्तानों ने एक साथ मार्च पास्ट करते हुए टूर्नामेंट के मैदान में आइआरएसएम की मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस क्षण ने खेलों की भावना और एकता का संदेश दिया। 7 जनवरी को इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## झरपो मुखिया ने फुटबॉल खिलाड़ियों को ड्रेस दी



टाटीझरिया (आजाद सिपाही )। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो खिलाड़ियों के बीच 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने 15 फुटबॉल खिलाड़ियों राहुल राणा, अभय कुमार, शंकर कुमार सिंह, रवि कुमार, संदीप कुमार रोकी, शनि, आर्यन, अनिल, धीरज, संतोष प्रमोद और चांद कुमार दास सहित अन्य के बीच ड्रेस का वितरण किया और खिलाड़ियों को हौसला देते हुए कहा कि आपलोग अपनी प्रतिभा को निखारे और खेल की भावना से खेलेंगे और आगे बढ़े जहां तक हमसे जो मदद हो पायेगा तात्पर्य रहेंगे। साथ में पंचायत सेवक गुड़िया रानी रोजगार सेवक संतोष राम उपस्थित थे।

## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने बांटे कंबल



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पोटंगा पंचायत तेतरिया बरवा टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कड़कती ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं और बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचने का अपील किया। वहीं पर उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले ताकि आप सभी को तबीयत खराब ना हो इसका भी ध्यान आप सभी लोग रखें। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, संजय करमाली, राम प्रसाद, रीना देवी, मो बुधनी, रेणु देवी, उर्मिला देवी, आकांक्षा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, अशोक कुमार, शंकर साव, मनोज कुमार, राजकुमार, फुलेश्वर कुमार, भुनेश्वर कुमार, छोटेलाल बेदिया, सुभाष कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## यातायात प्रभारी ने पढ़ाया ट्रैफिक नियम का पाठ



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले में सड़क दुर्घटना ना हो और वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें इसके लिए हजारीबाग परिवहन विभाग और यातायात पुलिस काफी अलर्ट मोड पर दिख रही है। बताते चले कि पिछले दिन जहां एक तरफ यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का यातायात पुलिस चालान काट रही थी तो वही आज जिला परिवहन विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी और यातायात पुलिस आज अनोखे रूप से पेश आये। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को फूल का माला पहनाकर और गुलाब फूल देकर इन्हें यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। इसके साथ ही लोगों से अपील किया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग और यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। यातायात प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा की पहले लोगों को जागरूक किया जा रहा है, हर दिन अलग-अलग मुहिम चलाकर लोगों को समझाया जा रहा कि यातायात नियमों का पालन करें। जो पालन नहीं करेंगे और नियम तोड़ेंगे उनसे मजबूरन चालान काटा जायेगा।

## सावंत इंटर कॉलेज को तीनों संकायों में मिली स्थायी प्रस्वीकृति

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से सावंत इंटर कॉलेज खपरियावां, हजारीबाग को तीनों संकायों कला, वाणिज्य और विज्ञान में स्थायी प्रस्वीकृति मिल गयी है। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत और सचिव डॉ अनुरंजन कुमार ने बताया कि इस महाविद्यालय को झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) से वर्ष 2016 में तीनों संकायों में स्थापना अनुमति मिली थी। आरंभ से ही कॉलेज की अपनी भूमि और अपना भवन था। फिर एकेडेमिक को उन्नत किया गया। अब झारखंड इंटरमीडिएट महाविद्यालय स्थापना अनुमति और प्रस्वीकृति (शर्त और बंधेज), नियमावली, 2005 यथासंशोधित नियमावली, 2006 में निहित प्रावधानों के तहत प्रस्तावित सावंत इंटर कॉलेज, खपरियावां, हजारीबाग को 3318 ज्ञापांक-12/प्रस्वी. 05-15/2024.. रांची, दिनांक 18/12/2024 के तहत कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विभिन्न विषयों में स्थायी प्रस्वीकृति प्रदान की गयी। इनमें कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, खोरठा, इतिहास, भूगोल, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, तर्कशास्त्र और अर्थशास्त्र, विज्ञान संकाय में भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र जीव विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विषयों में स्थायी प्रस्वीकृति प्रदान की गयी है। कॉलेज को स्थायी प्रस्वीकृति मिलने पर प्रबंधन समेत पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बधाई देनेवालों में अध्यक्ष, सचिव के अलावा कोषाध्यक्ष शशि कुमार सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार सिन्हा, उमेश पांडेय, नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, भाजपा नेता आकाश सुबोध, पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा, आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक, पूर्व प्राचार्या डॉ अंजू सिंह, प्रभारी प्राचार्य दीपक कुमार, शिक्षक श्यामसुंदर दास समेत अन्य शिक्षकों व शिक्षकेत्तरकर्मी शामिल हैं।

## सांसद ने किया भारत माला प्रोजेक्ट का निरीक्षण



**गोला (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को भारत माला प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। सबसे पहले सांसद महलीड़ीह गांव पहुंचे। उन्होंने महलीडीह, सोसो कलां, जांगी और हिसिमदाग के स्थानीय ग्रामीणों से मिल कर समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि भारत माला प्रोजेक्ट अंतर्गत जो एक्सप्रेवे निर्माणाधीन है। उस पर सोसो कलां, महलीडीह, जांगी और हिसिमदाग के बीचो बीच सड़क पर सर्विस रोड नहीं दिया गया है। जिसके कारण उक्त सभी गांव के ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। इस पर सांसद ने एनएचएआई अधिकारियों को ग्रामीणों की मांग पर सर्विस रोड बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद सांसद अलगडीहा गांव पहुंचे। यहां अलगडीहा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि आने जाने के लिए जो अंडर पास दिया जा रहा है। उसकी चौडाई मात्र दो फीट तक बनायी जा रही है। ग्रामीणों ने सांसद को यह भी बताया कि खेती बारी करने योग्य भूमि तक पहुँचने का रास्ता एक्सप्रेसवे में बंद कर दिया जा रहा है। जिससे हम किसान वर्ग के लोग काफी परेशान है। सांसद ने कहा कि ग्रामीणों कि इस समस्या पर जो न्यायोचित संभव होगा, प्रयास रहेगा कि किसानों की इस समस्या का समाधान जल्द किया जाये। सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर एनएचआई के परियोजना निदेशक और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया की ग्रामीणों की मांग का प्रस्ताव बनाकर जल्द मुख्यालय को भेजे दें। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ग्रामीणों ने रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को इन सभी मामलों से अवगत कराया था। सभी मामलों को उन्होंने सांसद के समक्ष रखा। मौके पर भाजपा नेता प्रीतम झा, अंकित सिंह, बिक्की कुमार, विनीत यादव, टेकलाल महतो, कृष्ण कुमार शर्मा, लखी करमाली, निरंजन महतो, अंदु महतो, सुरेंद्र महतो, प्रयाग महतो, राम किष्टो मुंडा, महेंद्र महतो, ललन कुशवाहा, अहसानुल हक, अकबर अंसारी, अम्मानुल्लाह, जीतलाल मुंडा, महावीर महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## आदिम जनजाति परिवार के लिए विशेष शिविर



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टयाक्रम चबूतरा के पास शुक्रवार को आदिम जनजाति परिवार के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेष रूप से सरकार द्वारा जनजातीय परिवार को सरकारी योजना से लाभान्वित प्रदान करने के लिए उनके जरूरी कागजातों में आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र जमा लिया गया। साथ ही अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार के द्वारा आदिम जनजाति परिवार को वन पटा देने का प्रवधान है। जिसके तहत जमीन का वनपट्टा लेने के लिए आवेदन पत्र जमा कर सकते है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा, अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा के अलावा फॉरेस्ट विभाग और स्वास्थ्य विभाग के टीम मौजूद थे।

## जिले भर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है सड़क सुरक्षा अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक पूरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी के आलोक में जिले में भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराना है। इस अभियान के तहत आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जागरूकता रथ को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम – घूम कर आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। इसके अलावे जिले भर में व्यापक जांच अभियान, ड्रिंक एंड ड्राइव, विभिन्न तरह के जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। हरि झंडी दिखाने के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, रोड सेफ्टी मैनेजर अमित कंसल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी ने की जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक की। इस दौरान बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी के द्वारा डीसी और समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में 49227 छात्र–छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है। वहीं, आइएनओ द्वारा 41786 छात्र–छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है। जिसके उपरांत वर्तमान में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए अनुमोदन दिया जाना है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 26815 विद्यार्थियों द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था जिसके उपरांत आईएनओ द्वारा 26141 आवेदनों का सत्यापन किया गया वहीं पूर्व में समिति द्वारा 21427 आवेदनों को अनुमोदन दिया गया था जिसके उपरांत वर्तमान में 449 छात्र–छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अनुमोदन दिया जाना है। बैठक के दौरान डीसी ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने अवैध बालू चोरी रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्र के बोंगाबार फोरलेन पुल के समीप बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। बताया जाता है कि कुजू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बालू लदे दो ट्रैक्टर कुजू की ओर आ रहे है। इसके बाद कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने गश्ती दल को पकड़ने का निर्देश दिया। जिसके बाद गश्ती दल ने बोंगाबार पुल के पास दोनों ट्रैक्टर को जब्त किया।

### जिला सलाहकार, जिला निरीक्षण और अनुश्रवण समिति की बैठक

# अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर करें कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

**डीसी ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के तहत जिला सलाहकार और जिला निरीक्षण और अनुश्रवण समिति की बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में डीसी ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच कर संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने और नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित:** बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, डॉ सुनील सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



**रोस्टर की जांच कर केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करें**

बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण और नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में संपूर्ण जांच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही डीसी ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जांच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# रजरप्पा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद, की पूजा-अर्चना

**मंदिर में पूजा-अर्चना कर लिए आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** नव वर्ष के आगमन पर रजरप्पा मंदिर पहुंचे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना कर लिए आशीर्वाद छठ के साथ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी शामिल हुए। सांसद ने कहा कि राज्य सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के जीवन में ये 2025 का नूतन वर्ष की खुशहाली, सुख-समृद्धि लेकर आये साथ ही राज्य और यहां की जनता प्रगति करे यही प्रार्थना मां भगवती से सुखमय जीवन की कामना किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मां छिन्नमस्तिका के आशीर्वाद से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता और राष्ट्र सेवा करने का मौका मिला है, और हम इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से माता के आशीर्वाद से निभाने के प्रयास करेंगे और रजरप्पा मंदिर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जन सेवा का जो संकल्प लिया है उसको अच्छी तरह से पूरी ईमानदारी पूर्वक निभायेंगे और माता के आशीर्वाद से क्षेत्र का विकास भी करेंगे। मौके पर उपस्थित रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि चारों तरफ हरियाली आए, किसान, युवा, नारी शक्ति सब आगे बढ़े सशक्त बने इसके लिए हम सबने माता से आशीर्वाद लिया है और कामना की है। सांसद के रजरप्पा आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी छोटू पंडा, अजय पंडा, वसीम पंडा, लोकेश पंडा ने उनका अभिनंदन किया और रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा ने सांसद और विधायक जी की पूजा-अर्चना कार्रवाई। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, दुलमी मंडल अध्यक्ष नरेश साव, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, भूरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा,पतरातु मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, मांडू मंडल अध्यक्ष टोकेश सिंह, आरा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, जय नारायण कुशवाहा, मनमीत अकेला, विजय कुमार, अजय साहू, किशोरी यादव, बिक्की कुमार महतो, अंकित सिंह, सोनू सोनी, विनीत यादव, राहुल पासवान, महेंद्र जी सहित कई भाजपा के पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत लोको मार्केट स्टीम कॉलोनी में सावित्रीबाई फुले जी विचार मंच के तत्वाधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर एन चौधरी और अतिथि आर के मंडल, अमित कुमार मृत्युंजय कुमार गणेश ठाकुर उपस्थित थे। जयंती समारोह की अध्यक्षता ललन ठाकुर व संचालन सुबोध कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माता सावित्रीबाई फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आर एन चौधरी ने कहा की महिला शिक्षा उत्थान में माता सावित्रीबाई फुले जी का योगदान और संघर्ष अतुल्यनीय है। आर के मंडल ललन ठाकुर अमित कुमार और सुबोध कुमार सिद्धि कुमारी प्रीतम कुमार अमरेंद्र कुमार रितेश कुमार सत्यम कुमार ने भी माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले के सिद्धांत से पूरे समाज में परिवर्तन की क्रांति लाई जा सकती है। मौके पर रामू राहुल कुमार, मोहन कुमार रवि कुमार मृत्युंजय कुमार अमित कुमार सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।



# श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के दूसरे दिन निकाली गयी प्रभात फेरी

**अमृत गुर ते पाया, सास सास सिमरो गोविंद...**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर किला मंदिर, लोहार टोला, झंडा चौक, सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। यहां, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सतविंदर कौर सैनी ने स्त्री साध संगत की बलविंदर कौर छाबड़ा को सरोपा देकर सम्मानित की। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद साध संगत में कमी नहीं आयी। प्रभात फेरी के दौरान साथ संगत गुरुवाणी पेश करते चल रहे थे। जिसमे, 'अमृत गुर ते पाया, सास सस सिमरो गोविंद' जैसे सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वही, निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली, निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी गुरजोत सिंह सैनी के द्वारा की गयी।

**प्रभातफेरी में ये थे शामिल:** मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, इकबाल सिंह, बबलू छाबड़ा, दलजीत सिंह किंगरा, यश छाबड़ा, रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जैसल, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, गुरप्रीत कालरा उर्फ प्रीत, गुरबक्श कौर, सुमी जौली, सतविंदर कौर, कुदरत छाबड़ा, निक्की लांबा, मनप्रीत कौर सैनी, लवली लांबा, बलविंदर कौर छाबड़ा, बबली सोनी, सोमा जस्सल सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे गये कंबल



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएनएल पतरातू ने सामुदायिक विकास कार्य अंतर्गत अपने क्षेत्र के गरीब असहाय निशक्त जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग 2500 कंबल वितरण किया। इस दौरान पतरातू सांकूल, जयनगर, बलकुदरा, कोतो, कटिया, पंच मंदिर, हेसला, शाह कौलोनी के मुखिया सहित पतरातू प्रखंड प्रशासन को भी कंबल वितरण के लिए कंबल सौंपा। इस मौके पर बीडीओ मनोज गुप्ता, पीवीयूएनएल के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जियाउर रहमान वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर संतोष कुमार सिंह उप प्रबंधक मानव संसाधन नवीन साहू मुखिया गिरजेश, किशोर महतो जय प्रकाश सिंह, विरेंद्र झा सहित कई लोग मौजूद थे।

## डोमन महतो जय मां पंच बहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा को झारखंड सरकार से मिली प्रस्वीकृति



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** डोमन महतो जय मां पंच बहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा को झारखंड सरकार से प्रस्वीकृति (सरकारी स्कूल की मान्यता) प्राप्त हुई है। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर शुक्रवार को विद्यालय के सचिव डोमन महतो ने बताया कि अब इस विद्यालय में सभी अध्यनरत छात्राओं को मैट्रिक तथा अन्य वर्गों के लिए सरकारी शुल्क के अनुसार ही राशि ली जायेगी। किसी प्रकार का एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जायेगा। साथ ही सरकार द्वारा संचालित सभी तरह की सुविधाएं भी छात्र–छात्राओं को उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्र के अभिभावकों से इस विद्यालय में अपने–अपने बच्चे–बच्चियों का नामांकन कराकर सभी तरह के सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर विद्यालय के तमाम शिक्षक–शिक्षिकाएं और छात्र–छात्राएं मौजूद थें।

## जागरूकता शिविर का आयोजन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में केदली कला गांव के पीएलवी मिथिलेश कुमार द्वारा भोजपुर गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता चलितर दास जी ने किया और संचालन पीएलवी मिथिलेश कुमार ने किया। इस शिविर में उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मिलने वाले सेवा और मध्यस्थता केंद्र मासिक लोक अदालत सड़क सुरक्षा नियम सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजना की जानकारी दी गयी। इस शिविर में पिंटु कुमार बाढ़ो दास सौरभ कुमार विकास कुमार उषा देवी प्रेमनी देवी आदि शामिल हुए

## 11 को मनायी जायेगी श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला बक्सी टोला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्री राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ ग्यारह जनवरी को भव्य तरीके से मनायी जायेगी। ज्ञात हो कि गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी को हुआ था। सनातनी पंचांग के अनुसार आगामी 11 जनवरी को उपरोक्त तिथि होगी। इस संबंध में गोला चित्रांश महापरिवार के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा ने विस्तार पूर्वक उक्त तिथि में होने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया। सचिव ने बताया कि पूर्वान्ह में पूजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। तत्पश्चात भगवान को खिचड़ी भोग अर्पित किया जायेगा।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनिरल कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
CCL Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (ई)/टीएम/3 — नई दिल्ली, दिनांक : 02.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 2**

विषय: 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 10.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 10.01.2025 (शुक्रवार) से **18.02.2025 (मंगलवार)** बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

40/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/ई.टी. इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–01, कार्य का नाम :** ईसीआर के धनबाद डिवीजन के तहत डाउन ट्रेन के लिए गोमों फ्लाई ओवर के निर्माण के संबंध में गोमो से मतारी आर.आर.आर और सतह लाइन और गोमों से तेलो स्टेशन आर.ओ.आर लाइन के बीच रेलवे के विनिर्देश और मानक के अनुसार पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और प्रसार तथा अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 289561800.00, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1597900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 (आठ) महिना।

**ई.निविदा सं० इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी/एस/ई.टी. इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–02, कार्य का नाम :** ईसीआर के धनबाद डिवीजन के तहत डाउन ट्रेन के लिए गोमों फ्लाई ओवर के निर्माण के संबंध में गोमो से मतारी आर.आर.आर और सतह लाइन और गोमों से तेलो स्टेशन आर.ओ.आर लाइन के बीच रेलवे के विनिर्देश और मानक के अनुसार पी.वे. लिंकिंग, पी.वे. सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, फिटिंग इत्यादि के परिवहन तथा अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 92875073.54, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 614400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 08 (आठ) महिना।

**उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/2, हजारीबाग**
पीआर/1840/सीडीएचएन/इंजी./टी/24–25/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं.:** C-710-RCGT-B-GCT

**क्र. सं.: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** रिचुघुटा-B (RCGT) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **क्र. स.: 2, रिचुघुटा स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत :** रू० 29,34,81,249/–, **क्र. सं.: 3, ब्याने की राशि:** रू० 2,93,48,200/–, **क्र. सं.: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.01.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 23.01.2025 को 15.30 बजे से, **क्र. सं.: 5, वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/01834/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 5711 Date:19.12.2024 I, **NEHA MUNDA** W/o Dayanand Munda, aged about 30 years, by faith- Hindu, by profession- House wife, by Nationality- Indian, R/o At. Tufan Chowk Giddi "A", P.O.-Giddi "A", P.S. Giddi "A", Dist.-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as under-

**1.** That before marriage my name has been mentioned as "**NEHA MUNDA**" in my UID Card, vide No. 3439 7318 4059.

**2.** That after marriage my name has been mentioned as **"NEHA TOPPO"** in my UID Card, vide No.-3439 7318 4059.

**3.** That "**NEHA MUNDA**" and "**NEHA TOPPO**"" both name are same and single lady i.e. myself.

**4.** That this affidavit is required for produce to Authority concern for needful purpose.



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 5280 Date:24.12.2024 I, **MASHRUL HAQUE,** S/O JAHAGIR ALAM, aged about 32 years, by faith- Islam, residing at Address:- at Vill.- Ara Dumarbera, P.O.- Sarubera, P.S.- Mandu, Distt-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:

**1.** That my actual and correct name is **MASHRUL HAQUE** which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 6563 1997 1960.

**2.** That I was previously known with the same name as mentioned in my Bank Passbook bearing A/c No. 486910110004050 at Bank of India, Sarubera Branch, but now I have changed the name/spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter ID, Passport, Driving License) and from future I will be known with the same name/spelling as mentioned in my Aadhar/PAN/Voter ID/Passport/Driving License, and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/ fraud due to name/spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any liability in name change.

3. That **MASHRUL HAQUE** and **MD MASHRUL HAQUE** both name are same and single lady i.e. myself.

4. That this affidavit is meant/required for the authority concerned at Bank for name change in my Account.

5. That all the above statements are true to the best of my knowledge and are correct.



**कोर्ट-नोटिस**

न्यायालय
जिला एवं सत्र न्यायाधीश - I
सह मोटरयान दुर्घटना अधिकरण, गुमला।
M.A.C.T. Case No-07/2024
होयला भगत वगैरह..............दावाकर्ता
बनाम
विजय कुमार (साहु इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०)
वगै०.........विपक्षीण
नोटिस बनाम

1. V.K.S.CAT 120K2 ग्रेडर मशीन के मालिक विजय कुमार (साहु इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा० लि०) निवासी ग्राम बेलाहाटी रोड पीपरा टोली, थाना + जिला खुंटी, झारखण्ड
2 V.K.S.CAT 120K2 ग्रेडर मशीन का चालक धमेन्द्र कुमार मण्डल पिता विनोद मण्डल निवासी ग्राम हसनपुर थाना बहादुरपुर जिला दरभंगा, बिहार

चुं इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में मोटरयान दुर्घटना अधि० के अंतर्गत वाद दायर किया गया है जिसमें आपलोगों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया है परन्तु आपलोग आजतक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपलोगों को इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता है कि आपलोग दिनांक 18/01/25 को समय 11:00 AM बजे या उससे पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय रूप से चलायी जायगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

यह नोटिस आज दिनांक 21/12/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1
गुमला।

# सभी स्कूलों में हों सुविधाएं

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से संचालित डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआएसइ) प्लस की ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। रिपोर्ट में यह बात स्थापित होती है कि बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर हुई है। करीब 90% स्कूलों में बिजली और जेंडर स्पेसिफिक टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं, लेकिन अगर डिजिटल सुविधाओं की बात की जाये, तो स्कूलों के बीच गहरी खायी दिखती है। मसलन फंक्शनल कंप्यूटर महज 57.2% स्कूलों में उपलब्ध है और 53.9% स्कूलों के पास इंटरनेट ऐक्सेस है। हालांकि, इस मामले में पिछले वर्षों में हुई प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से होता है कि 2021-22 की यूडीआएसइ प्लस रिपोर्ट के मुताबिक 66% स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं थे। यह तथ्य भी गौर करने लायक है कि देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन एनरोलमेंट में गिरावट देखी गयी है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़ कर 14.71 लाख हो गयी, वहीं इनमें होने वाला स्टूडेंट्स एनरोलमेंट 25.17 करोड़ से घट कर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी कैटिगरीज - लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक ड्रॉपआउट यानी स्टूडेंट्स के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है, तो इसमें सेकंडरी स्टेज में होने वाली बढ़ोतरी ध्यान देने लायक है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2% है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9% तक पहुंच जाती है। जानकारों के मुताबिक इसके पीछे ओबीसी और एससी/एसटी कैटिगरी के स्टूडेंट्स को दाखिले के डॉक्युमेंटेशन प्रॉसेस के दौरान होने वाली मुश्किलों और प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। एक और अहम पहलू है टीचर्स और स्टूडेंट्स के अनुपात यानी पीटीआर का। इस मामले में विभिन्न राज्यों के बीच अंतर विशेष रूप से ध्यान खींचता है। एक तरफ झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य हैं, जहां सेकंडरी लेवल पर पीटीआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के तय मानक यानी 30:1 से भी ज्यादा है तो दूसरी ओर असम, ओड़िशा और कर्नाटक जैसे राज्य काफी पीछे नजर आते हैं। कुल मिला कर, देश में स्कूली शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों का असर दिखता है, लेकिन इस दौरान नयी चुनौतियां भी उभर रही हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यूनिवर्सल एजुकेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखें, तो ड्रॉपआउट के ट्रेंड्स और पीटीआर पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

**कुल मिला कर देश में स्कूली शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों का असर दिखता है, लेकिन इस दौरान नयी चुनौतियां भी उभर रही हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती।**

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बन चुका है। इस सफलता की नींव वास्तव में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने ही रखी थी। तत्कालीन वित्त मंत्री के तौर पर मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था की गंभीर हालत को समझते हुए और समय की मांग को भांपते हुए तत्कालील प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के मार्गदर्शन में नयी आर्थिक नीति 1991 लेकर आये। 24 जुलाई, 1991 को अपने बजट भाषण में आर्थिक सुधार का प्रस्ताव करने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था- समय बर्बाद करने का कोई मौका नहीं है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के भूमंडलीकरण और उदारीकरण के पुरोधा डॉ मनमोहन सिंह



**प्रो. तपन कुमार शांडिल्य**



सन 1991 का आर्थिक संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 1990-91 में भारतीय अर्थव्यवस्था संकट की दौड़ से गुजर रहा था। यह संकट मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा भंडार की कमी, व्यापार घाटे और राजकोषीय घाटे के कारण उत्पन्न हुआ। हालांकि, इसकी शुरुआत 1980 के दशक के अंत में ही हो गयी थी, जब भारत की अर्थव्यवस्था आयात-आधारित हो गयी और निर्यात में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पायी। बढ़ते ऋण और ब्याज भुगतान ने आर्थिक दबाव को और बढ़ाया। इसके अलावा, खाड़ी युद्ध और तेल की कीमतों में उछाल ने स्थिति को जटिल बना दिया। विदेशी मुद्रा भंडार केवल दो सप्ताह के आयात के लिए बचा था, जिसके कारण सरकार को आइएमएफ से आपातकालीन ऋण लेने के लिए स्वर्ण भंडार गिरवी रखना पड़ा। साल 1985 तक भारत में भुगतान संतुलन की समस्याएं शुरू हो गयी थीं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सरकार द्वारा अधिक खर्च किया गया, जबकि आय कम उत्पन्न हुई। इसके अलावा आय और व्यय के बीच बहुत अधिक असमानताएं थीं। इस बीच, राजीव गांधी की मृत्यु के बाद पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में नयी सरकार बनी। वित्त मंत्री पद के कई दावेदार थे, तब डॉ मनमोहन सिंह का नाम कहीं दूर-दूर तक नहीं था। फिर भी, नियति ने इस साल और मनमोहन सिंह दोनों को भारत में बड़े बदलाव के लिए चुन लिया था। डॉ सिंह यूजीसी चेयरमैन के रूप में अपने कार्यालय में थे, जब एक कॉल ने उन्हें वित्त मंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद ही 1991 के आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई। उन्होंने भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत और उदार बनाने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाये। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनायी।

**डॉ मनमोहन सिंह आशावादी थे। वर्तमान परिवर्तन 1991 के आर्थिक सुधारों का परिणाम है।**

साल 1990 के आखिर तक यह एक गंभीर आर्थिक संकट में था। सरकार डिफॉल्ट के करीब थी, इसके केंद्रीय बैंक ने नए लोन देने से इनकार कर दिया था। साल 1991 में भारत को एक आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। यह बाहरी ऋण से संबंधित था। सरकार विदेशों से लिये गये अपने ऋणों का भुगतान करने में सक्षम नहीं थी। विदेशी मुद्रा भंडार, जिसे हम पेट्रोलियम और दूसरी महत्वपूर्ण वस्तुओं के आयात के लिए बनाये रखते हैं, गिरकर ऐसे स्तर पर आ गया, जो एक पखवाड़े तक भी नहीं चल सकता था। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने संकट को और बढ़ा दिया।

भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बन चुका है। इस सफलता की नींव वास्तव में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने ही रखी थी। तत्कालीन वित्त मंत्री के तौर पर मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था की गंभीर हालत को समझते हुए और समय की मांग को भांपते हुए तत्कालील प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के मार्गदर्शन में नयी आर्थिक नीति 1991 लेकर आये। 24 जुलाई, 1991 को अपने बजट भाषण में आर्थिक सुधार का प्रस्ताव करने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था- समय बर्बाद करने का कोई मौका नहीं है। न तो सरकार और न ही अर्थव्यवस्था साल दर साल अपनी क्षमता से ज्यादा खर्च कर सकती है। उधार के पैसे या समय पर काम करने की गुंजाइश अब नहीं रही। हमें बाजार की ताकतों के संचालन के लिए दायरे और क्षेत्र का विस्तार करने की जरूरत है।

1991 के आर्थिक सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को संकट से उबारकर उसे एक मुक्त और प्रतिस्पर्धी प्रणाली में बदलना था। ये सुधार उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के सिद्धांतों पर आधारित थे। उदारीकरण के तहत लाइसेंस राज को समाप्त कर दिया गया, जिससे उद्योगों और व्यवसायों के लिए सरकारी मंजूरी की बाधाएं कम हो गईं और व्यापार करना सरल हुआ।

**भारतीय बाजार को ग्लोबल अर्थव्यवस्था बनाना :** सबसे पहला और अहम कदम था भारतीय बाजार को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ ठीक से जोड़ना।

**कृषि संबंधी नीति :** 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत खराब थी। अर्थव्यवस्था को संकट से निकालने के लिए कृषि को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिये गये। भारतीय कृषि में कई बदलाव लायें। मसलन, उनके कार्यकाल में करीब 70 हजार करोड़ रुपये की देश की सबसे बड़ी किसान कर्ज माफी हुई। यह केवल कर्ज माफी नहीं थीस बल्कि इस कदम ने करोड़ों किसानों को कर्ज लेने के लिए पात्र बनाया जिनके ऊपर बैंकों का कर्ज होने से उनकी कर्ज लेने की पात्रता नहीं बची थी। 2004-14 के दौरान कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए टर्म्स ऑफ ट्रेड बेहतर रही और इसके पीछे वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की ऊंची कीमत थी। इकोनॉमी की ग्रोथ के चलते 2004-05 से 2011-12 के बीच कृषि पर निर्भर वर्क फोर्स की संख्या में गिरावट आयी और यह 58 फीसदी से घट कर 48.9 फीसदी पर आ गयी थी। यह भारत के इतिहास में पहली बार हुआ, जब कृषि पर निर्भर लोगों की संख्या 26.86 करोड़ से घट कर 23.19 करोड़ रह गयी थी, लेकिन 2023-24 में यह बढ़ कर 46.1 फीसदी पर पहुंच गयी है। वैश्विक बाजार में कमोडिटी कीमतों में बढ़ोतरी के चलते भारतीय किसानों के लिए 2004 से 2014 का दौर बेहतर कमाई वाला दौर रहा। इस बीच 2009 में करीब 70 हजार करोड़ रुपये की किसान कर्जमाफी का अभी तक का सबसे बड़ा फैसला उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही हुआ।

**विदेशी मुद्रा संकट से निजात :** 1991 में भारत को विदेशी मुद्रा संकट का सामना करना पड़ा था, जब विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1.2 बिलियन डॉलर था, जो महज तीन सप्ताह के आयात के लिए पर्याप्त था। यह स्थिति देश की आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बन गयी थी, लेकिन आज, वही भारत विदेशी मुद्रा भंडार में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है, और यह भंडार अब $655 बिलियन तक पहुंच चुका है। यह वृद्धि भारत की आर्थिक उदारीकरण और विकास की प्रक्रिया का परिणाम है।

**सर्विस सेक्टर में आशातीत प्रगति:** भारत को आज एक सर्विस-ड्रिवेन इकॉनमी के रूप में पहचाना जाता है और इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीय जीडीपी में सेवा क्षेत्र का योगदान लगातार बढ़ रहा है।

डॉ मनमोहन सिंह आशावादी थे। वर्तमान परिवर्तन 1991 के आर्थिक सुधारों का परिणाम है। भारतीय अर्थव्यवस्था और देश के विकास को लेकर डॉ मनमोहन सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की कांग्रेस की अल्पमत सरकार के वित्त मंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने न्यू इंडस्ट्रियल पॉलिसी 1991 के जरिये आर्थिक उदारीकरण का जो दौर शुरू हुआ, वह आज भी जारी है। वर्तमान सरकार भी किसी न किसी रूप में डॉ मनमोहन सिंह विकास मॉडल को स्वीकार करता है। प्रधानमंत्री के रूप में उनके दो कार्यकाल के दौरान सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम (मनरेगा) सहित परिवर्तनकारी नीतियों की शुरूआत हुई, जिसने लाखों लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 दोषियों को उम्रकैद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड मामले में लखनऊ की एनआईए स्पेशल कोर्ट ने सजा का ऐलान कर दिया। शुक्रवार को कोर्ट ने सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। इससे पहले दो आरोपियों को बरी कर दिया गया था। सजा के ऐलान से पहले हत्याकांड से जुड़ा एक दोषी सलीम व्हीलेचयर पर कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा।

उम्रकैद की सजा पाने वाले दोषियों में वसीम जावेद, नसीम जावेद, मोहम्मद जाहिद कुरैशी उर्फ जाहिद उर्फ जग्गा, आसिफ कुरैली उर्फ हिटलर, असलम कुरैशी, अकरम, तौफीक, खिल्लन, शवाब अली खान, राहत, सलमान, मोहसिन, आसिफ जिमवाला, साकिब, बबलू, नीशू उर्फ जीशान, वासिफ, इमरान, शमशाद, जफर, साकिर, खालिद परवेज, फैजान, इमरान, साकिर, मोहम्मद आमिर रफी, सलीम और मुनाजिर रफी का नाम शामिल है। इससे पहले एनआईए कोर्ट ने नसरुद्दीन और असीम कुरैशी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

**28 में से 26 दोषी अदालत में मौजूद थे**

सांप्रदायिक हिंसा की प्रकृति की वजह से यह मामला काफी सुर्खियों में रहा जिसमें चंदन की मृत्यु से उस क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। अदालत के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने आरोपियों को हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा करने और राष्ट्रीय झंडे के अपमान का दोषी करार दिया था। इन 28 दोषियों में से 26 लोग अदालत में मौजूद थे, जबकि एक अभियुक्त मुनाजिर की पेशी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से हुई। अदालत ने एक अन्य आरोपी सलीम के लिए गिरफ्तारी का वारंट जारी किया जो मुकदमे में सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहा।

**कब हुआ था हत्याकांड**

सरकारी वकीलों के मुताबिक, 26 जनवरी, 2018 की सुबह चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा में जा रहा था। जैसे ही जुलूस तहसील रोड पर जीजीआइसी के गेट के पास पहुंचा, सलीम, वसीम, नसीम और अन्य लोगों के एक समूह ने रास्ता रोक लिया और जुलूस रोक दिया। जब चंदन गुप्ता ने इसको लेकर आपत्ति की, स्थिति बिगड़ गयी और इन आरोपियों ने जुलूस में शामिल लोगों पर पथराव कर दिया और फायरिंग कर दी। मुख्य आरोपियों में से एक सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चला दी जिससे चंदन घायल हो गया। चंदन का भाई और अन्य साथी उसे कासगंज थाना ले गए जहां से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गयी।

# दिल्ली में घना कोहरा के कारण 202 फ्लाइट्स लेट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश के उत्तरी राज्यों में कड़ाके की ठंड का असर बना हुआ है। इसकी वजह से सैकड़ों फ्लाइट्स और ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को घने कोहरे की वजह से 202 फ्लाइट्स लेट हुईं। दिल्ली और आगरा से खुलने वाली कई ट्रेनें देर से खुलीं। 14 राज्यों में घने कोहरे का असर है। पंजाब के अमृतसर में जीरो विजिबिलिटी के कारण एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यहां फ्लाइट्स के ऑपरेशन रोक दिये गये हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में भी विजिबिलिटी और बर्फबारी की वजह से फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिया गया है।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में प्राइवेट प्लेन क्रैश, दो की मौत, 18 घायल

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में गुरुवार को (भारतीय समयानुसार देर रात) एक छोटा प्लेन एक बिल्डिंग की छत से टकराकर क्रैश हो गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गये है, साथ ही 18 लोग घायल भी हुए है। पुलिस के मुताबिक 10 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि 8 का मौके पर ही इलाज किया गया है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पायी है। इसके अलावा अभी ये भी साफ नहीं को मृतक प्लेन में थे या जमीन पर। इस प्लेन ने ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 2 मिनट के अंदर ही यह क्रैश हो गया। मौके पर दमकल और पुलिस की टीम पहुंची हैं। बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। साथ आसपास के इलाके को खाली कर लिया गया है। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया उसमें फर्नीचर बनाने का काम होता है। हादसे के वक्त बिल्डिंग में लगभग 200 लोग काम कर रहे थे।



**इमरजेंसी लैंडिंग केलिए लौटने वाला था प्लेन**

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक ये एक सिंगल इंजन वाला वैन आरवी-10 विमान था। इसमें 4 लोग सवार हो सकते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्लेन के मालिक का यहां हैंगर है और वह अक्सर यहीं से उड़ान भरता है। एक कर्मचारी के मुताबिक प्लेन के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया था कि वह इमरजेंसी लैंडिंग के लिए वापस लौट रहा है। हालांकि, प्लेन में क्या समस्या थी, इसकी ये साफ नहीं हो सका।

# अन्ना यूनिवर्सिटी रेप मामले में भाजपा ने निकाली न्याय यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चेन्नई।** चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग स्टूडेंट के रेप केस को लेकर शुक्रवार को भाजपा ने मदुरै से चेन्नई तक न्याय यात्रा निकाली। चेन्नई पहुंचने पर पुलिस ने रैली को रोक दिया और प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की 15 सदस्यों को हिरासत में ले लिया।



भाजपा महिला नेताओं ने कहा कि वे पीड़ित के लिए न्याय की मांग कर शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकाल रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और कई महिला नेताओं को घर में नजरबंद भी किया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने डीएमके सरकार की आलोचना की। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने एक्स पर नजरबंद की गयी महिला नेताओं की फोटो अपलोड कीं। अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार में हिस्ट्रीशीटर और रेपिस्ट खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन न्याय की मांग करने वाली भाजपा नेताओं को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने लिखा डीएमके सरकार अपने विरोधियों को चुप कराने के लिए अत्याचार कर रही रही है। लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता उत्पीड़न सहकर भी तमिलनाडु के लोगों के लिए लड़ेंगे।

**डीएमके सरकार अपराधियों को बचा रही**

तमिलनाडु और कर्नाटक में भाजपा के राष्ट्रीय सह प्रभारी डॉ. पोंगुलेटी सुधाकर रेड्डी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे लोगों को गिरफ्तार करना बताता है कि डीएमके सरकार अपराधियों को बचाने में लगी है।

# शेख हसीना के पिता अब बांग्लादेश के राष्ट्रपिता नहीं

**ढाका (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने शेख हसीना के पिता और पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की विरासत को मिटाना शुरू कर दिया है। मौजूदा सरकार ने बांग्लादेश की पाठ्य पुस्तकों में बदलाव करने का फैसला किया है। डेली स्टार के मुताबिक अब से किताब में बताया जाएगा कि साल 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने दिलाई थी। जियाउर रहमान बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति खालिदा जिया के पति थे। वे बांग्लादेश की आजादी के बाद को-आर्मी चीफ बने। बाद में वे देश के राष्ट्रपति भी बने। साल 1981 में सेना से जुड़े कुछ लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक नई किताब में मुजीब की राष्ट्रपिता की उपाधि को भी हटा दिया गया है। यह किताब प्राइमरी से लेकर सेकेंडरी लेवल तक के छात्रों को पढ़ाई जायेगी।

# जमीन विवाद सुलझाने गयी पुलिस ने महिलाओं को जड़ा मुक्का

**पथराव के बाद जेसीबी से दरवाजा उखाड़कर अंदर घुसी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिहार।** बिहार के भोजपुर में आपसी विवाद सुलझाने गयी पुलिस पर घर के अंदर से पथराव किया गया है। इसके बाद पुलिस इस मामले पर एक्शन लेते हुए घर का दरवाजा जेसीबी तोड़ अंदर घुस गयी। इस दौरान पुलिस ने घर में मौजूद महिलाओं को लाठी से भी पीटा। पुलिसकर्मियों ने गुस्से में आकर महिलाओं के मुंह पर मुक्का भी जड़ा। मिली जानकारी के अनुसार घर के अंदर जाने पर कुत्ते ने थानेदार को काट लिया। यह घटना गुरुवार की शाम पीरो थाना इलाके के वार्ड नंबर 14 की बतायी जा रही है।

**दो पुलिकर्मियों को आयी है चोट**

बता दें कि इस पुलिस पथराव में दो पुलिसकर्मियों और एक राहगीर को हल्की चोटें आयी हैं। हंगामे के दौरान पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार को कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। सभी का इलाज पीरो अस्पताल में कराया जा रहा है। पीरो के सीओ लखेंद्र कुमार ने बताया कि 10 डिसमिल जमीन को लेकर दो रिश्तेदारों में काफी वक्त से विवाद चल रहा था। जमीन कलावती देवी से पीरो निवासी रामाधार प्रसाद ने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज भी किया जा चुका है।



**जमीन का सीमांकन कराने गयी थी पुलिस की टीम**

इस मामले में कलावती देवी के देवर त्रिवेणी प्रसाद और उनके परिवार के लोगों ने जमीन को अपना बताते हुए कोर्ट में केस किया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि रामाधार प्रसाद ने जमीन का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर गुरुवार को वे पुलिस बल के साथ जमीन का सीमांकन कराने गये थे। पुलिस की टीम जेसीबी और ट्रैक्टर पर ईंट समेत दीवार जोड़ने का अन्य सामान लेकर मौके पर पहुंची। त्रिवेणी प्रसाद का घर अंदर से बंद था। पुलिस के मुताबिक जब गेट को खोलने की कोशिश की गयी तो उनलोगों ने पथराव शुरू कर दिया।

**मेन गेट उखाड़कर अंदर घुसी थी पुलिस**

इसके बाद पुलिस ने जेसीबी से मेन गेट को उखाड़ दिया और घर के अंदर घुस गयी। उसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, सीओ ने जमीन का सीमांकन कर पुलिस टीम की मौजूदगी में वहां दीवार बनाकर घेराबंदी करायी मौके पर करीब दो घंटे तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। पीरो अनुमंडल के सीओ लखेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में अलग अलग तीन प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## नाइस मिनी मार्ट का विधायक ने किया उद्घाटन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एटीएम के निकट नाईस मिनी मार्ट का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। मिनी मार्ट का शुभारंभ विधायक अनंत प्रताप देव, शमीम खान, तस्लीम खान जूनियर और हफीज खलीफा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात मार्ट के प्रोपराईटर अबुताज बाबू ने विधायक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि श्री बंशीधर नगर जैसे छोटे से शहर में नाईस मिनी मार्ट खुल जाने से यहां के लोगों को खाने की सामग्री क्रय करने में काफी सुविधा होगी। मौके पर झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य ताहीर अंसारी, सिटी मैनेजर प्रमेय मंडिलवार, जेई धर्मेंद्र कुमार, तस्लीम खान सीनियर, झामुमो नेत्री किरण देवी, आमीन खान, समाजसेवी महमूद आलम, कलाम खान, हफीज खलीफा, रंका सदर शोएब खलीफा, राजीव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तिथि निर्धारित होने के बाद भी पंचायत भवन में जरूरतमंदों को नहीं मिला कंबल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के निर्देश के बाद भी भवनाथपुर पंचायत सचिवालय में कंबल लेने पहुंचे सैकड़ों गरीब, विधवा, दिव्या, वृद्ध लोगों को नहीं मिला कंबल। आक्रोशित लोगों ने पंचायत समिति सदस्य भवनाथपुर चंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम से मुलाकात कर कंबल वितरण कराने की मांग की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करते हुए पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश के बाद भी पंचायत सचिवालय में जरूरत मंद लोगों को कम्बल नहीं मिला दुखद है, साथ ही प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी के निर्देश का भी उलंघन है। जल्द जरूरत मंद लोगों को कम्बल दिलाया जाए। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कई गरीब वृद्ध को कम्बल वितरण किए और पंचायत सचिव को जल्द पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण करने का निर्देश दिए। मौके पर सूर्यवंती कुंवर, लालमणि देवी, सरिता कुंवर, तेतरी कुंवर, बुधनी कुंवर सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

## विस्थापित संघर्ष समिति का प्लांट की कटिंग के विरोध में 12 दिन से धरना-प्रदर्शन, ठंड में भी संघर्ष जारी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व आठ सूत्री मांगो को लेकर कड़ाके के ठंड में मजदूरों का धरना प्रदर्शन सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष 12वें दिन भी जारी रहा। विस्थापि संघर्ष समिति नें शुक्रवार को सेल कर्मचारियों को एडीएम कार्यालय में हाजरी बनाने से रोका। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे नें कहा कि इस कड़ाके की ठंड में भी हम लोग सड़क पर डटे हुए हैं और अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सेल प्रबंधन कोई असर नहीं हो रहा है। इस मौके पर विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष बीरेंद्र साह, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, लखन वियार, शंभू राम,जितेंद्र पाठक, मोहन साह, ददूली साह, बुधनी, चिंता, फुलवा, प्रमिला देवी सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।



## सावित्रीबाई फूले की जयंती मनायी गयी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आज डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। इस अवसर पर कनक कुमारी, ग्रेसी कुमारी, रानी कुमारी, रिया कुमारी, अनुराधा कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किये। सावित्रीबाई फुले के बारे में बताते हुए निदेशक सुशील कुमार केसरी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थी, जिनका जन्म महाराष्ट्र के सतारा में हुआ था उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए विद्यालय की स्थापना की। इस अवसर पर शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिन्हा, ओम प्रकाश शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सुलेखा गुप्ता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर आरती कुमारी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, सिमरन कुमारी, शिवानी कुमारी, चंदन कुमार वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय और ज्ञान निकेतन ने अपने-अपने मैच जीते



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 18वें दिन खेले गये मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ पॉइंट को 37 रन से हराया, वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन की टीम ने रोमांचक मुकाबले में एक रन से संत पॉल को हराकर क्वाटर फाईनल में प्रवेश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय के अभिषेक को और संत पॉल के प्रतीक को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, अभय दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन, धीरज, आकाश, प्रिंस, आलोक, मनोज, गोलु सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बाघ ने कई पशुओं पर किया हमला, इलाके में एलर्ट जारी, जंगल में नहीं जायें लोग

रमकंडा (आजाद सिपाही)। भंडरिया के जंगलों में बाघ के होने के दावों के बीच गुरुवार की रात बाघ ने भंडरिया वन क्षेत्र के रोदो के जंगलों में इंद्रदेव यादव के भैंस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं दूसरी घटना में बाघ ने रमकंडा के बलिगढ़ पंचायत के बैदेशी टोला पहुंचकर हुलास सिंह के पशुधन पर हमला कर मार डाला। मामले की जानकारी के बाद रोदो गांव के पशुपालक इंद्रदेव अपने भैंस का इलाज करा रहा है। सूचना के बाद वन विभाग ने रमकंडा भंडरिया के क्षेत्रों में अलर्ट जारी करते हुए लोगों को जंगलों में नही जाने की चेतावनी जारी की है। इधर घटना के बाद वन विभाग की टीम टाइगर को ट्रैक कर रही है। हालांकि वन विभाग को अभी तक ट्रैपिंग कैमराके तस्वीर या कोई फुटमार्क नही मिला है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भंडरिया के संगाली गांव के जंगलों में बाघ के होने का दावा स्थानीय ग्रामीणों ने किया था। वहीं पिछले 13 नवंबर की रात बड़गड़ थाना क्षेत्र के बहेराखाड़ में पशुधन का शिकार करने के बाद भंडरिया क्षेत्र के जंगलों से होकर कोयल नदी पार कर बाघ पलामु टाइगर रिजर्व एरिया में पहुंच गया था। जिसकी पुष्टि वन

# मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोका

**संवेदक की शिकायत पर पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचे पथ निर्माण विभाग के इइ, ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** एनएच 75 खजुरी से अरंगी होते पचफेड़ी तक बन रहे सड़क निर्माण कार्य को खजुरी गांव के स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर शुक्रवार को कार्य को रोक दिया। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य रोके जाने की सूचना पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दी गयी, सूचना पर ईई मजहर हुसैन, दंडाधिकारी विवेक पांडे तथा नीरज मिश्रा पुलिस बल के साथ कार्यस्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों ने कहा कि निर्माण कार्य होने दे मुआवजा की प्रक्रिया भू अर्जन विभाग देखा है। वहीं अंचल अमीन को मौके पर बुलाने पर अंचल अमीन ने बताया की यह भूमि गैरमजरुआ प्रतिबंधित है, हालांकि उसने बताया की इसकी मापी कर संबंधित रैयत के नाम से गढ़वा अंचल पदाधिकारी को इससे संबंधित मुआवजा के लिए दस्तावेज सौंप दिया है। इधर सड़क निर्माण कंपनी के पीएम राजू कुमार ने बताया कि मुआवजे की राशि को लेकर भू-अर्जन में प्रक्रियाधीन है, लेकिन समय को देखते हुए कार्य का प्रोग्रेस को लेकर सड़क निर्माण किया जा रहा है। मुआवजे की मांग कर रहे रैयत सुनील चंद्रवशी, सुनील यादव, अशोक प्रसाद यादव, शिवनारायण यादव, राजन कुमार यादव, मदन यादव, उमेश यादव सहित अन्य लोगो ने बिना मुआवजा काम नहीं करने देने की जिद पर अड़े हुई थे। वहीं दंडाधिकारी विवेक पांडेय तथा नीरज मिश्रा ने काम नहीं रोकने की चेतावनी दी परंतु ग्रामीण पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। वहीं बिकताम गांव निवासी उपेंद्र सिंह, लक्ष्मी चंद्रवंशी, सोहराई चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, राम चलीतर कुशवाहा, राम राज सिंह आदि लोगो ने मुआवजे को लेकर उपयुक्त को आवेदन देने की बात कही।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय परिसर से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ 01 जनवरी 2025 से लेकर 31 जनवरी 2025 तक चलाया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा तथा इसमें लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने अपील किया कि मोटरसाइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गतिसीमा में करें, चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। उक्त मौके पर उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश सहित जिला परिवहन कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

## एटीएम से सभी को होगी सुविधा : उपायुक्त



**समाहरणालय में खुला एटीएम, उपायुक्त ने किया उद्घाटन**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय डाल्टनगंज के सौजन्य से गढ़वा समाहरणालय में लगाये गये एसबीआई एटीएम का शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने एसबीआई एटीएम की विशेषताओं की जानकारी लेने के उपरांत इसके सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि एसबीआई का एटीएम लग जाने से समाहरणालय आने वाले आमजनों और कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेग। मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार झा, चीफ मैनेजर डिपॉजिट एंड वास कुमार सुमित, चीफ मैनेजर गढ़वा प्रशांत श्रीवास्तव, लीड बैंक मैनेजर सत्यदेव रंजन, चैनल मैनेजर प्रत्युष समेत अन्य उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# दुधवल पंचायत के उपमुखिया को वित्तीय शक्ति नहीं मिलने से मनरेगा मजदूर पलायन को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत दुधवल पंचायत में उपमुखिया सुनैना देवी को मुखिया की शक्ति नहीं मिलने से पंचायत की मनरेगा मजदूर अन्यत्र पलायन को मजबूर हैं। उप मुखिया सुनैना देवी और ग्रामीण जनता ने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने पहुंचे, किंतु मुलाकात नहीं होने के कारण वापस लौट गये। गौरतलब है कि दुधवल पंचायत की उपमुखिया सुनैना देवी ने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उपमुखिया को प्रभार हस्तांतरण संबंधि पत्र 18 दिसंबर 2024 को दी थी। उपमुखिया सुनैना देवी ने पंचायत से संबंधित सभी अभिलेख, डोंगल और अन्य दस्तावेजों के साथ शक्ति प्रदान करने कि मांग बीडीओ से 24 दिसंबर 2024 को ही की थी, किंतु आज तक डोंगल वगैरह शक्तियां नहीं मिलने से वह पंचायत में संचालित मनरेगा आदि योजनाओं में अपने कार्यों का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। जिससे दुधवल पंचायत के मजदूर किसान पांच महीनों से दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि दुधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी पर लगे व्यक्तिगत आरोप के कारण 31 अगस्त को गिरफ्तार हुए और उसी समय से निलंबित करते हुए उपमुखिया सुनैना देवी को शक्तियों, कार्यों और कर्तव्यों के निर्वहन हेतु आदेश उपायुक्त गढ़वा ने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया था। किंतु उपायुक्त की आदेश के बावजूद भी प्रभार तत्काल नहीं देकर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों ने प्रभार हस्तांतरण संबंधित पत्र 18 दिसंबर 2024 को दिया। उपमुखिया सुनैना देवी ने डीएसी अप्रूव कराने हेतु रंका प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया था, किंतु अभी तक उपमुखिया को व्यावहारिक शक्ति प्रदान नहीं किया जा सका है। इस मौके पर उपमुखिया सुनैना देवी, उपमुखिया पति प्रतिनिधि अशोक लोहरा, नंदकुमार सिंह, उपेंद्र यादव, सरवन सिंह, अंसारी एजाज अंसारी, साकमानी देवी, देवेंद्र सिंह वार्ड सदस्य, सोमनाथ भुईहर वार्ड सदस्य, प्रेम सिंह वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# कड़ाके की ठंड शुरू, गरीबों को अब तक नहीं मिला कंबल

जितेंद्र यादव

**बीडीओ ने कहा : मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि कंबल प्राप्त हुआ है शुक्रवार को ही कुछ पंचायतों को वितरण के लिए दिया गया है। दो दिनों के अंदर सभी जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा।**

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड से ठीकुर रहे वृद्ध, असहाय, जरूरतमंदो को अब तक सरकार के द्वारा मिलने वाले निःशुल्क कंबल का वितरण नहीं हो सका। वैसे लोग मजबूरन पूरे दिन अलाव के व्यवस्था में लगे रहते है। बैलझखड़ा गांव के बैगा टोला निवासी विश्वनाथ परहिया, दुर्गा परहिया, मुंशी परहिया, गहन परहिया, मंगल परहिया सहित उक्त टोला के अन्य लोग इस ठंड से बचाव के लिए पूरे दिन लकड़ी, झुरी के व्यवस्था में लगे रहते हैं। इस दौरान विश्वनाथ परहिया ने बताया कि पिछले कई दिनों से कनकनी बढ़ गईल बा, इस ठंड व कनकनी से बचाव के लिए दूसरा कोई उपाय नइखे, इससे झुरी का सहारा लेना पड़ता है। सरकार के द्वारा अभी तक कम्बल नइखे मिलल बाबू वही प्रखंड अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र लावादोनी, फुलवार, चकरी, लोरा, सिकारिया, फुलवार गांव सहित गांव के कोरवा,परहिया जनजाति के साथ वृद्ध, असहाय, जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े के अभाव में ठिठुरना पड़ रहा है। क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड को शुरू हो जाने के बाद भी सरकार के द्वारा मिलने वाला कंबल हम लोगों को अभी तक नहीं मिल सका है। जिससे इस ठंड में हम लोगों को जीना मुहाल हो गया है। अगर सरकार के द्वारा कंबल की व्यवस्था मिल जाती तो हम लोग इस ठंड की मार से बच जाते वही लावादोनी गांव के कई असहाय लोगों ने भी अपना दर्द बयां करते बताया कि हमलोग का घर जंगली इलाके में होने के कारण बहुत ज्यादा ठंड लगती है ठंड से बचने के लिए हमलोग के पास सिर्फ एक आग का ही सहारा है।

## एसपी ने व्यवहार न्यायालय का किया औचक निरीक्षण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर न्यायालय परिसर के अंदर के कई स्थानों का जायजा लिया तथा पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने न्यायालय की सुरक्षा को लेकर लगाये गये सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुलिस पदाधिकारी शशिकांत शुक्ला सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला कल



कांडी (आजाद सिपाही)। स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 का खिताबी मुकाबला 5 जनवरी को 12 बजे दिन में खेला जायेगा। बिहार और झारखंड के बीच भिड़ंत के रूप में चर्चित इस मुकाबले में झारखंड राज्य अंतर्गत मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के मोरबे और बिहार राज्य अंतर्गत रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड के तिलोखर गांव की टीमों के बीच मुकाबला होगा। इस फाइनल मैच के दौरान आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह होंगे।

## घर में भी बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर नजर रखें अभिभावक : निदेशक




गढ़वा (आजाद सिपाही)। जीएन कॉन्वेंट स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों की हुई संगोष्ठी। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के शैक्षणिक विकास और बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए अभिभावक - शिक्षक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी खुर्शीद आलम सहित अन्य अभिभावक गण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन सुषमा केशरी ने की।07

## प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा भवनाथपुर इकाई का गठन, गुप्तेश्वर बने अध्यक्ष



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सूर्य मंदिर भवनाथपुर में जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा भवनाथपुर इकाई का पुनर्गठन हुआ। अध्यक्ष के लिए गुप्तेश्वर प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गुप्तेश्वर प्रसाद को अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता को सचिव संजय प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, विजय प्रसाद गुप्ता को उपाध्यक्ष दीपू गुप्ता को उप सचिव राजकुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री एवम संरक्षक के रूप में अशोक कुमार गुप्ता एवं सीताराम गुप्ता का मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिला कमेटी के नवल प्रसाद गुप्ता संजय, पप्पू, विश्वनाथ प्रसाद सहित कई भवनाथपुर प्रखंड के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


कार्यालयः–
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामु0 स्वा0 केन्द्र, ईटखोरी (चतरा)
(Email Id-chcitkhori@gmail.com)

सुचना

एतद द्वारा ईटखोरी प्रखंड अंतर्गत सभी अल्ट्रासाउंड संचालको को सूचित किया जाता है कि नोडल पदाधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 9/RCH-380/2015–2803 (P.C.H) राँची दिनांक 29–10–2024 के आलोक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओ को अल्ट्रासाउंड के संशोधित CGHS दर मो0 425=00 रु0 प्रति लाभार्थी भुगतान किये जाने का निदेश है।

उक्त के आलोक में इच्छुक अल्ट्रासाउंड संचालको को निदेश दिया जाता है कि MOU हेतु अल्ट्रासाउंड से सम्बन्धित सभी कागजात 03 दिनों के अंदर कार्यालय को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामु0 स्वा0 केंद्र, इटखोरी

PR 343504 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D



Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice – 2nd Call

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Additional Class Room in Existing Secondary and Higher Secondary Schools located in different 18 Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 15.01.2025.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

(Shashi Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/964/2024/Part I/ 16 Ranchi, Date: 02.01.2025

PR.NO.343475 Jharkhand Education Project Council(24-25):D



जिला खनन कार्यालय, चतरा

आम–सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **Draft Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill, 2024** को आम जनता का मंतव्य/सुझाव तथा व्यापक प्रचार–प्रचार हेतु जिले के बेवसाईट NIC Portal– https://Chatra.nic.in पर Upload किया गया है, जिसे निःशुल्क डाउनलोड कर देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा The Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill, 2024 के प्रारूप पर आम जनता का मंतव्य/सुझाव की मांग की गई है।

अतएव, उक्त के आलोक में अनुरोध है कि **Draft Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill, 2024** पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था/प्रतिष्ठान को कोई आपत्ति अथवा सुझाव देना हो, तो जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर लिखित रूप में या कार्यालय ई–मेल dmo-chatra@jharkhandmail.gov.in पर आपत्ति अथवा सुझाव भेजा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.343459 Mines and Geology(24-25):D

## बीडीओ ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की दी जानकारी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पंचायत सेवक और जनसेवकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में आगामी 6 जनवरी को रांची स्थित आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड खोजाटोली नामकुम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही सभी को निर्देश बताया गया की प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत से 1400 महिलाएं कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिनके आने जाने के लिये सुरक्षित वाहन की व्यवस्था रहेगी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने पंचायत सचिव और जनसेवकों से कहा कि 15 दिनों के अंदर वृद्धा व विधवा पेंशन योजना धारकों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। मौके पर ओमप्रकाश साहु, गुहा उरांव, संदीप रजक, डॉली तिर्की, नागमनी उरांव, अजय कुमार वर्मा, मेहरानी टोप्पो, रिझवान अख्तर, आरती चेरमाको सहित अन्य सभी पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

## तीन हत्यारों को 10 वर्ष की सजा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कमल मिश्रा की अदालत शुक्रवार को कुडू थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुए जमीन विवाद को लेकर मारपीट और हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया। पीडीजे की अदालत ने तीनों आरोपियों को सजा भी सुना दिया। अदालत की सुनवाई के दौरान दो आरोपी को साक्ष्य के आभाव में रिहा करने का फैसला दिया गया। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि, हत्या के मामले में आरोपी दशई उरांव को 5 वर्ष की सजा और 5 हजार रुपए जुर्माना, मुन्ना उरांव को 10 वर्ष की सजा और 10 हजार रुपए जुमार्ना। वहीं पप्पू उरांव को दस वर्ष की सजा और दस हजार रुपए अर्थ दंड लगाया गया। उल्लेखनीय है कि जमीन विवाद में मारपीट के बाद एक व्यक्ति की निशान सत्य को लेकर कुडू थाना कांड संख्या121/2022 दर्ज किया गया था जिसे न्यायालय न्यायालय में एसटी-192/2022 के तहत सुनवाई कर त्वरित वाद का निबटारा किया गया।

## हैवी मोटर व्हीकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार चंदवा प्रखंड के बनहरदी कोयला खनन परियोजना से प्रभावित परिवारों से चयनित 15 अभ्यथीर्यों को एक माह का हैवी मोटर व्हीकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 03 जनवरी 2025 को लातेहार मोटर ड्राइविंग सेंटर, बानपुर लातेहार के प्रांगण में किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी गयी एवं मन लगाकर परीक्षण प्राप्त करने का आवाहन किया गया। बताया गया कि यह प्रशिक्षण रोजगार प्राप्त करने हेतु मददगार होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में के चंद्रशेखर, महाप्रबंधक बनहरदी परियोजना, एम चंद्रसेगर, (अपर महाप्रबंधक) आर बी सिंह (अपर महाप्रबंधक) सिद्धार्थ शंकर, (उप महाप्रबंधक) अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक), भालेन्दु दावे, ( उप महाप्रबंधक) विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आरएंडआर) एवं बनहरदी कोयला खनन परियोजना, पीवीयूएनएल के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। लातेहार मोटर ड्राइविंग सेंटर से डायरेक्टर संतोष पांडेय , दिनेश केशरी तथा वरिष्ठ प्रशिक्षक अरुण कुमार झा उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन पर अवैध मकान निर्माण को लेकर ग्रामीण हुए गोलबंद

**अंचलाधिकारी सेन्हा द्वारा लिया गया संज्ञान, निर्माण कार्य पर रोक लगाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सरकारी जमीन पर अवैध मकान निर्माण को लेकर ग्रामीण गोलबंद हुए। जिसपर अंचलाधिकारी सेन्हा ने संज्ञान लेते हुए अगले आदेश तक निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया।

विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के टेंगरिया ग्राम निवासी स्वर्गीय एतवा उरांव का पुत्र बुधराम उरांव के द्वारा उगरा पंचायत अंतर्गत टेंगरिया ग्राम स्थित राजा रानी टोंगरी के समीप पक्का मकान निर्माण कार्य में जुटा हुआ था। जिसपर टेंगरिया ग्राम के ग्रामीणों ने सुबह से ही गोलबंद होकर निर्माण कार्य को गलत स्थान पर होने का जिक्र करते हुए रोक लगाने का प्रशासनिक पदाधिकारी से गुहार लगाया। राजा रानी टोंगरी के समीप सरकारी जमीन को खेल मैदान बनाने को लेकर पूर्व में ग्रामीणों द्वारा लोहरदगा सांसद को अवगत कराते हुए स्वीकृति का मांग किया गया था। जिसको लेकर अंचलाधिकारी सेन्हा को भी हो रही विवाद से अवगत कराया गया था। लेकिन बुधराम उरांव के द्वारा गलत तरीके से मकान निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना वर्तमान सेन्हा अंचलाधिकारी मो मुदसर नजर मंसूरी को सरकारी जमीन पर निजी मकान निर्माण के बारे में ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिया गया। फिलहाल मकान निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है।

मकान निर्माणकर्ता को निर्देश देते हुए कहा गया है कि जब तक जमीन का सत्यापन नही होता है, तब तक निर्माण कार्य स्थगित रखने की बात कही गयी। अंचलाधिकारी के आदेशनुसार प्रभारी अंचलनिरीक्षक मुदसर हुसैन एवं राजस्व कर्मचारी अर्जुन प्रजापति के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में बुधराम उरांव को निर्देश दिया गया। मौके पर ग्रामीण परमेश्वर उरांव, राजेन्द्र उरांव, सुशील उरांव, कार्तिक, सुनील, शनीचरिया उरांव, मनी, शेवाती सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## दो वाहनों की टक्कर में चार लोग घायल



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अक्सी पुल के पास देर शाम को सुग्गा बांध की ओर से आ रहे स्कॉर्पियो और महुआडांड़ के तरफ से जा रहे ट्रैक्टर मे जोरदार भिड़ंत हुई। दोनों वाहन आपस मे टकराने के बाद ट्रेक्टर पुल के नीचे गिर गया। चार गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के द्वार तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया गया, चारों घायल युवक को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रभारी डॉ अमित खलको के द्वारा तुरंत प्राथमिक इलाज किया गया। बता दे कि सुरेश्वर लोहरा ट्रैक्टर चालक सरनाडीह तम्बोली जिसे इलाज के बाद परिजनों के द्वारा घर लाया गया। वही घायल सचिन मुण्डा पिता रंजीत मुण्डा ग्राम बरकड्डा डुमरी गुमला,शंकर गोप नेतरहाट, दीपक मिंज नेतरहाट, को डॉ के द्वार बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

# कमांडेंट देवेंद्र कुमार ने लोहरदगा को किया गौरवान्वित

सत्यकाम




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय से संबंधित सशस्त्र सीमा बल में जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में द्वितीय कमान अधिकारी (एसपी) के रूप में पदस्थापित लोहरदगा के लाल देवेंद्र कुमार (रवि) ने अपने उत्कृष्ट राष्ट्र सेवा के कार्यों से लोहरदगावासियों को गौरवान्वित किया है। इनके उत्कृष्ट कार्यों और अनुभव के लेकर एक जनवरी 2025 से देवेंद्र कुमार को सशस्त्र सीमा बल में कंपनी कमांडेंट (एसएसपी) के पद पर प्रोन्नति दिया गया है। मौके पर सशस्त्र सीमा बल के वरीय अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में आयी भीषण बाढ़, कानपुर में भीषण रेल हादसा एवं कुंभ मेला आयोजन में उत्कृष्ट सेवा देने पर सराहना किया गया। उत्कृष्ट कार्यो के लिए कमांडेंट देवेंद्र कुमार को प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पदक के लिए नामित किया गया है। एनडीआरएफ के महानिदेशक पदक से भी सम्मानित किया गया है। वर्तमान में इन्हें श्रीनगर में 14वीं बटालियन का कमांडेंट बनाकर दायित्व दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, लोहरदगा शहरी क्षेत्र के महावीर चौक निवासी स्व प्रतिभा अग्रवाल व स्वर्गीय विधान चंद्र अग्रवाल के बड़े पुत्र एवं स्व किशुन लाल अग्रवाल के पोत्र कमांडेंट देवेंद्र कुमार का जीवन संघर्ष और चुनौतियों से भरा रहा। विद्यार्थी जीवन के दौरान ही माता-पिता का निधन हो गया था। परिवार का भरण पोषण और अपने छोटे भाई और बहन की पढ़ाई की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गयी थी। बावजूद, देवेंद्र कुमार ने परिस्थितियों से संघर्ष किया। अपने सभी दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज में एक मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में युवा पीढ़ी के लिए कमांडेंट देवेंद्र कुमार प्रेरणा स्रोत बने है। कमांडेंट पद पर प्रोन्नति मिलने पर लोहरदगा के लोग उनके संघर्ष और चुनौती को याद कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत के भैसमुंदो गांव में शुक्रवार को पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली और वार्ड सदस्य कांति देवी के द्वारा 40 गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सादे समारोह में मुखिया ने पंचायत के भैसमुंदो गांव के गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरकार द्वारा असहाय एवं निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों। मुखिया ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इस अवसर पर पंचायत सचिव आलोक लकड़ा, वार्ड सदस्य इंद्रजीत उराव एवं वार्ड सदस्य कांति देवी समाजसेवी बाल कृष्णा सिंह, दुर्गा महली, वासुदेव उरांव आदि लोग मौजूद थे।

## हरिनारायण साहू की द्वितीय पुण्यतिथि आज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, मजदूर नेता, जन समस्याओं का निदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू का द्वितीय पुण्यतिथि दिनांक 4 जनवरी को गौतम नर्सिंग होम कोर्ट रोड लोहरदगा में मनाया जाएगा। सबसे पहले परिजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत 1:00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी उनके पुत्र पवन गौतम ने दी। उन्होंने आम जनमानस से आग्रह किया है की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कष्ट करेंगे।

## आरटीइ की मान्यता को लेकर 5 को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला के सभी निजी विद्यालय के प्रबंधकों, प्रधानाध्यापकों की बैठक 05 जनवरी 2025 को शिवाजी लिलिपुट स्कूल सेन्हा में अपराह 12:30 बजे से एक बैठक रखी गयी है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रामविलास सिंह ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य आरटीइ नियमों से संबंधित चर्चा और समस्याओं के समाधान पर मंथन होगा। प्राइवेट स्कूलों द्वारा आरटीइ के नियमों के पालन संबंधित रूप रेखा की पूर्णरूपेण जानकारी ली जायेगी। सभी निजी विद्यालयों के संचालकों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गयी है। रामविलास सिंह ने बताया कि बैठक का जो समय निर्धारित किया गया है वह दोपहर के भोजन का समय है इस वास्ते सभी के लिए भोजन की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। ताकि लोगों को कष्ट न हो।

## जिला युवा समन्वयक की समीक्षात्मक बैठक आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गायत्री परिवार लोहरदगा के द्वारा 04 जनवरी को जिला युवा समन्वयक का एक समीक्षात्मक बैठक रखा गया है। जिसमें मुख्य रूप से ₹नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण शिविर₹, जो जमशेदपुर टाटा मे हुआ था उसकी समीक्षा होगी। शिविर में उपस्थित होने वाले सभी को अपने-अपने क्षेत्र मे जागरुक होकर कार्य करना है। कार्य को कियान्वित करने हेतु कार्यसंबंधित चर्चाएं होगी।

**कोल्हान की खबरें**

# मानगो के साथ टाटा स्टील का अटूट संबंध अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर की समस्याओं को लेकर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने डीसी के साथ बैठक की। शुक्रवार को बैठक के दौरान विधायक ने मानगो नगर निगम क्षेत्र में कचरा निष्पादन की समस्या पर चर्चा की।

मौके पर विधायक श्री राय ने डीसी को समस्या का शीघ्र निदान निकालने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा मानगो की जनता के धैर्य अब टूटने की कगार पर पहुंच गयी है। दो दिनों में अगर समस्या का समाधान नहीं निकला तो मानगो की जनता सीधी कारवाई पर उतरने के लिए विवश होंगे। विधायक सरयू राय ने कहा मानगो नगर निगम की प्रयास के बावजूद रोज निकल रहे कचरा का पूरा उठाव नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण मानगो नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह कचरा भरा पड़ा है। उन्होंने कहा जिस तरह से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र का कचरा टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा, उसी तरह मानगो नगर निगम का कचरा भी बारा कम्प्लेक्स में गिराया जाये। उन्होंने कहा 2010-11 से जेनएसी और मानगो का कचरा बारा में गिरता था। बाद में टाटा लीज की जमीन पर ही मरीन ड्राइव के किनारे मानगो और जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील की सहमति से गिरने लगा। रिहायशी इलाका के बीच होने व कचरा के ढेर में आग लगने के कारण एनजीटी ने अप्रैल 2023 में हस्तक्षेप किया था।उसके बाद जेएनएसी का कचरा बारा कॉम्प्लेक्स में गिरने लगा और मानगो की समस्या को वैसे ही छोड़ दिया गया। विधायक ने डीसी को टाटा स्टील से वार्ता कर मानगो का कचरा भी वहीं गिराने की बात सुनिश्चित करने कर निर्देश दिया। श्री राय ने कहा मानगो के साथ टाटा स्टील का अटूट संबंध है। टाटा स्टील मानगो के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकता। इस संबंध पर आंच नहीं आनी चाहिए। जेएनएसी के वार्ड 7, 8, 9 से ही एमएनएसी बना है। डिमना रोड, मानगो चौराहा, डिमना चौराहा, एमजीएम कॉलेज, पानी का पाईपलाइन, हजार से अधिक टाटा स्टील कर्मियों का निवास मानगो में होना यह सभी टाटा स्टील और मानगो के बीच सक्रिय संबंध के उदाहरण हैं। उन्होंने कहा जेएनएसी के साथ मानगो नगर निगम का भी टाटा स्टील की जनसुविधा संरचनाओं पर अधिकार बनता है।

# शहीद मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा स्थित गोबिंदपुर गदड़ा के बालीडुंगरी फुटबॉल मैदान में तेतुल बगान क्लब के द्वारा विशाल शहीद मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को खरसावां गोलीकांड की बरसी पर आयोजित विशाल शहीद मेला में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर समिति के सदस्यों ने विधायक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने तेतूल बगान क्लब में स्थापित शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। विधायक श्री कालिंदी ने कहा जल,जंगल, जमीन से जुड़े पूर्वजों ने धरती पर बलिदान देकर अस्मिता की रक्षा की थी। खरसावां के वीर शहीदों की कुर्बानी कभी भुलायी नहीं जा सकती। इस अवसर पर दूर दरार से आये सैकड़ो ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चों ने शहीदो को नमन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर सैकड़ो झामुमो नेता, कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल रहे।

# कई एकड़ में फैली अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा प्रखण्ड में नए साल के शुरूआती सप्ताह में ही जनवरी 2025 को चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत स्थित तोरार गांव में गुप्त सूचना पर प्रशासन और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। अमझरिया घाटी स्थित इस सुदूरवर्ती गांव में पहुंचते ही प्रशासन की आंखें फटी की फटी रह गयी जब वहां देखा कि लगभग साढ़े बारह एकड़ के बड़े भूखंड पर अफीम की फसल लहलहा रही थी।

यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि झारखंड और देश के अन्य हिस्सों में भी पोस्ते और अफीम की खेती पर पूर्णत प्रतिबंध है। ऐसे में जब कई एकड़ पर इस फसल की खेती की बात सामने आई तो लोग आश्चर्यचकित रह गए।घटनास्थल पर पहुंचने के बाद इस फसल से संबंधित जानकारियां जुटाने का प्रयास किया गया और तत्पश्चात ट्रैक्टर और डंडों के माध्यम से पूरी फसल को तत्काल प्रभाव से नष्ट कर दिया गया।

घटना के बाबत लातेहार के पुलिस कप्तान कुमार गौरव से बात करने पर उन्होंने कहा की अफीम की इतने बड़े पैमाने पर खेती प्रशासन के लिए भी अविश्वसनीय है और यह पूर्णत गैरकानूनी है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध लातेहार पुलिस कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की उपयुक्त अधिनियमों के अंतर्गत कठोर से कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस कप्तान ने कहा कि आने वाले समय में भी लातेहार पुलिस पूरी तत्परता के साथ इस प्रकार के अवैध तथा गैर कानूनी कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करती रहेगी।

इधर दिन भर इतने बड़े भूभाग पर प्रतिबंध खेती की जानकारी मिलने पर अफवाहों का बाजार गर्म रहा और शहर के नुक्कड़, चौक-चौराहों पर यह विषय लोगों की जुबान पर चर्चा का विषय बना रहा। बताते चले की यह सिलसिला लातेहार जिला में हर वर्ष प्रशासन के अभियान के द्वारा लातेहार चंदवा बालूमाथ हेरहंज बरियातू जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जाती है परंतु प्रशासन भी एक अभियान के तरह चला कर फसल तो नष्ट कर देती है परंतु पूरी तरह रोक लगाने में अभी तक असफल रही है जिस दिन प्रतिदिन लोग द्वारा अफीम की खेती जंगल के क्षेत्र में जहां पानी की सुविधा होती है वहां पर अफीम की खेती हर वर्ष लगायी जाती है।

## कुचाई में ग्रामीणों ने की ग्रामसभा

# अफीम की खेती नहीं करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जिले के कुचाई थाना अंतर्गत दलभंगा ओपी के मुटूगोड़ा गांव के गिरूपानी टोला में शुक्रवार को ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर करीब 8 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया। साथ ही ग्राम सभा में इनके द्वारा आगे से अफीम की अवैध खेती नहीं करने का निर्णय लिया गया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने इसे एक सराहनीय कदम बताया। कहा कि जागरूकता अभियान के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं उन्होंने ग्रामीणों को पारंपरिक खेती के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसके बाद भी यदि कहीं से भी अवैध अफीम की खेती से संबंधित जानकारी मिलती है तो वैसे ग्रामीणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# डीसी ने जनता दरबार में किया मामलों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये लोगो का व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं से अवगत हुए। शुक्रवार को जनता दरवार में फरियाद लेकर आये ग्रामीणों से क्रमवार मुलाकात कर समस्याओं का समाधान निकाला। वही डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया। वही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने की बात कही। जनता दरबार में भूमि सम्बन्धित मामले, अनुकम्पा आधारित मामले, नीमडीह प्रखंड के केतुंबा गांव में सबर जनजाति के महिलाओ को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण,बांस एवं घास से बनने वाले सामग्रियों का प्रशिक्षण प्रदान करने, राजनगर क्षेत्र के आदरहातु गांव निवासी प्रमुख महतो का नाम अबुआ आवास योजना सूची में जोड़ने, प्रमुख महतो की पुत्री को फुलेबाई किशोरी समृद्धि योजना का लाभ प्रदान करने,गम्हरिया प्रखंड के पारा शिक्षक की मृत्यु के उपरांत परिवार को सुरक्षा व नियमानुसार सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने सहित विभिन्न विभाग से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया गया व अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसरित किया गया।

# यथाशीघ्र सुनिश्चित हो कंबलों का वितरण : रमेश कुमार चीनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त से जल्द से जल्द कंबलों का वितरण आरंभ कराने की मांग की है। कहा है कि आपूर्तिकर्ता द्वारा कंबलों की पहली खेप नगर परिषद और प्रखंडों में पहुंचा दी गयी है। इसके बावजूद कंबल वितरण जरूरतमंदों के बीच शुरू नहीं कराया गया है। जबकि हर बार नवंबर में कंबल वितरण पूर्ण हो जाता था। इस बार जनवरी प्रारंभ होने के साथ ही आधा ठंडा बीत चुका है। उसके अलावे न्यूनतम पारा 7 डिग्री पर पहुंच चुका है। यदि अब भी कंबल वितरण यथाशीघ्र सुनिश्चित नहीं कराया गया, तो निश्चित गरीबों को काफी परेशानी होगी। ठंड के कारण और कंबल के अभाव में जान माल के नुकसान की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ, तो इसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेवार होगा। उन्होंने डीसी से अनुरोध किया है कि जनहित के जरूरत को समझते हुए कंबलों का वितरण करवायें।

# नाता पोल में एक ही परिवार के 7 लोगों ने खाया जहरीला खाना

आजाद सिपाही संवाददाता





**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाता पोल गांव में एक ही परिवार के 7 लोगों ने जहरीला भोजन खा लिया। इसके बाद सभी की हालत खराब होने लगी। सभी उल्टी करने लगे और बच्चे बेहोश हो गयी। तत्काल सभी को सदर अस्पताल गुमला लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में दो महिलाएं और पांच बच्चे शामिल है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 9 बजे शांता खलखो रोटी बनाने के लिए आटा निकाल रही थी। तभी किचन के रैक में उसे मकई में लगे किट को मारने वाला कीटनाशक का बड़ा पैकेट दिखा। जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में मकई लिखा हुआ था और मकई का चित्र भी बना हुआ था। महिला ने सोचा कि यह मकई का आटा है। यह सोचकर उसने उसको गेहूं के आटे के साथ मिला लिया और रोटी बना ली। इसके बाद घर में सभी को रोटी भी खिला दी। जहरीला रोटी खाने से 28 वर्षीय नीलिमा खलखो, 16 वर्षीय अर्पण टोप्पो, 48 वर्षीय कांता टोप्पो, 7 वर्षीय एंथोनी खलखो, 8 वर्षीय एंजेल टोप्पो, 11 वर्षीय अंकित खलखो और 8 वर्षीय एलिना खलखो की स्थिति खराब होने लगी।

इस संबंध में शांता खलखो ने बताया मैं दार्जिलिंग में एक मिशनरी संस्था में सिस्टर हूं। क्रिसमस की छुट्टी पर नाता पोल आयी हूं। यहां मेरा परिवार रहता है। खाना बनाने के क्रम में गलती से आटा में कीटनाशक मिला दी। फिलहाल सभी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है और स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# हत्या के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुरदरी थाना क्षेत्र चौरापाठ निवासी नीरज मुंडा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत की गुत्थी सुलझाते हुए गुरदरी पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी छातासरई निवासी संजू मुंडा, बंधु असुर, दिलरोशन मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपियों के अनुसार नीरज से खैनी चुना मांगने खाने को लेकर आपस में विवाद हो गया और दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हो गयी। इसी बीच नीरज गिर पड़ा और अस्पताल लाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी थी। आरोपियों ने कहा नीरज को जान से मारने का हम लोगों का उद्देश्य नहीं था परंतु मारपीट में कहां पर चोट लगा हम लोगों को भी पता नहीं है।

# घोड़ाटांगर के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के घोड़ाटांगर गांव के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में आरंगी निवासी युवक लव कुमार यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लव कुमार अपने एक साथी के मोटरसाइकिल पर घाघरा से आरंगी की ओर जा रहा था। इसी क्रम में घोड़ाटांगर गांव स्थित सड़क किनारे लगे डिवाइडर से जा टकराया जिससे लव कुमार का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उसका साथी को हल्की छोटे लगी। वही पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर घाघरा लाया और घायल साथी का इलाज कराया। वर्तमान में मृतक के परिजन और मृतक घाघरा जग बगीचा में रहता था। वह रांची में रहकर पढ़ाई करता था। दो-तीन दिन पहले ही वह घाघरा आया था।

## चयनित आंगनबाड़ी सेविका ने दुबारा चयन प्रक्रिया करने की मांग की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किन्दिरकेला में विगत 30 दिसंबर 2024 को हुए आंगनबाड़ी सेविका के चयन एक उम्मीदवार अलीहा प्रवीन द्वारा सवालिया निशान लगाते हुए खुद उसके और चयनित सेविका फरहत नाज पति सुलतान खान समेत द्वारा चयन के समय चयनकर्ता को दिये गये सभी कागजातों की जांच करने और दुबारा चयन प्रक्रिया करने की मांग बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ सुप्रिया भगत से की है। शिकायतकर्ता अलीहा प्रवीन ने कहा की चयनित उम्मीदवार फरहत नाज का शैक्षणिक प्रमाण पत्र की सही से जांच करने के उपरांत ही किसी का चयन को स्वीकृत किया जाये।इस संबंध में बीडीओ सुप्रिया भगत ने कहा कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुआ है और वे इसकी नियमानुसार जांच करा रहे है। जांच में जो सही पाया जायेगा उसी अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

# बीडीओ ने सलगी पीरहापत्थन के ग्रामीणों से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के सलगी पीरहापत्थल गांव पहुंच बीडीओ दिनेश कुमार ने आदिम जनजाति के परिवार लोगो से मुलाकात किया। इस क्रम में स्कूल, जलमीनार, आवास और कई मूलभूत सुविधा को देखा।वही आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने बीडीओ से कहा कि स्कूल का भवन जर्जर हो गया है जल्द इसको बनवाया जाए। साथ ही सलगी से गांव तक सड़क का मांग किया ताकि आवागमन में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। आदिम जनजाति के लोगों ने कहा कि खासकर परेशानी मरीज को ले जाने में होती है। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा की स्कूल भवन का मरम्मती का कार्य जल्द कराया जाएगा। इसके साथ ही सड़क बनाने का कार्य को लेकर जल्द पत्र विभाग को लिखा जाएगा। इस क्रम में बीडीओ ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। इसके बाद बीडीओ ने आदिम जनजाति परिवार के 40 लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया। मौके पर उपस्थित लोगों में आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार,पूर्व मुखिया राजीव उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पेट्रोल पंप कर्मी की लापरवाही से ग्राहक का बाइक जला, की मुआवजे की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के नागफेनी गांव स्थित पेट्रोल पंप में शुक्रवार को पंप के कर्मी की भारी लापरवाही देखने को मिली। पंप कर्मी की लापरवाही के कारण पेट्रोल लेने पहुंच एक ग्राहक का पल्सर एनएस 200 बाइक धूं धूं कर जल उठा। हालांकि इस दौरान बाइक में सवार दो युवक जीवित जलने से बच गये। साथ ही लोगो की ततपरता के कारण पेट्रोल पंप भी आग की चपेट में आने से बच गया। अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार नही किया जा सकता था। पहले तो बाइक में आग लगते ही बाइक सवार दोनो युवक बाइक से कूद कर जान बचाते हुए पीछे हट गये। इसके बाद लोगो ने तुरंत जलती बाइक को रस्सी के सहारे पंप से किनारे किया गया। बाइक को किनारे करने में अगर तनिक भी देरी होती तो आग की लपटें पंप को भी चपेट में ले लेता।

बताया जाता है कि बाइक में संजय नामक युवक अपने दोस्त के साथ गुमला से बेड़ो जा रहे थे। तभी दोनो नागफेनी पेट्रोल पंप में रुक कर पांच सौ रुपये का पेट्रोल बाइक में भराने लगे। इस दौरान पेट्रोल डालने के बाद पंप के कर्मी जैसे ही बाइक के टंकी से नॉजल को बाहर निकाला। तभी टंकी से नॉजल हटाने के दौरान पेट्रोल की कुछ बूंदे बाइक के साइलेंसर में गिर गया। इसके बाद साइलेंसर के गर्म होने के कारण बाइक जल उठा। यह देख बाइक में सवार संजय व उसका दोस्त बाइक से कूद कर जान बचायी। तब तक आग की लपटें पेट्रोल की टंकी तक पहुंच गयी। यह देख पंप के कर्मियों के होश उड़ गये। इसके बाद लोगो ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जलती बाइक को उठाकर पंप परिसर से बाहर किया। फिर देखते ही देखते बाइक धूं धूं कर जल उठा।

इधर घटना की जानकारी देते हुए बाइक सवार संजय ने इसे पेट्रोल पंप कर्मी की लापरवाही बताते हुए पंप मालिक से मुआवजे की मांग की है। मुआवजा नहीं मिलने पर कोर्ट के शरण मे जाने की बात कही है।

# मानव सेवा ही सच्ची भक्ति है: दामोदर कसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा बढ़ते हुए ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस ठिठुरते ठंड से कुछ राहत दिलाने को लेकर पटेल चौक स्थित पुराने नगरपालिका के पास गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने स्टॉल लगाया। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में गुमला के विभिन्न मुहल्ला वासियों जैसे महली टोली, सोसो, करौंदी, सिलम, तर्री, ठूठा टोली, बड़ाईक मोहल्ला, कोराम्बी एवं डिक्शनरी मोहल्ला के गरीबों एवं असहाय लोगों के बीच 200 कम्बलों का वितरण किया गया। अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि इस बार सर्दी का प्रकोप हद से ज्यादा है। बढ़ते हुए ठंड को देखकर ऐसा लग रहा है कि अगर पर्याप्त सुरक्ष सामग्री नही दी गई तो कोई गरीब व्यक्ति, गरीबी और लाचारी के कारण ठंढ के वजह से अपना जान ना गवां बैठे। इस शीत लहरी और कनकनी के समय अपने आपको बचाकर रखना बहुत जरुरी है। सुबह एवं शाम को बेवजह घर से बाहर न निकले। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि गुमला चैंबर पूर्व की भांति अभी भी व्यापारी हित के साथ-साथ, मानव सेवा एवं जनहित के कार्य करती आई है, और आगे भी करती रहेगी। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, पूर्व सचिव विनोद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सतनारायण पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलु वर्मा, दिलीप गुप्ता, अजय सिंह राणा, आदित्य गुप्ता, रितेश कुमार, प्रणय कुमार, संजीव मलानी, ज्योति कुमारी, प्रतीक अग्रवाल, श्याम गुप्ता, द्वारिका मिश्र, शैल मिश्रा, खेदुनायक, सोनमणि उरांव, चंपा देवी, ललिता देवी एवं सैकड़ो की संख्या में असहाय महिलाएं मौजूद थी।

# जल्द से जल्द शहर में की जाये अलाव की व्यवस्था : शमीम खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा हैं। गुमला का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक देखने को मिल रहा है। गुमला जिला के वरिष्ठ भाजपा नेता समीम खान ने ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन से अलाव की मांग की है। यह बता दें कि कुछ दिन पूर्व गुमला नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा यह बातें कही गयी थी कि शहरी क्षेत्र के चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। लेकिन ऐसा नहीं देखा जा रहा है। ठंड के कारण लोग चाय पान की दुकानों में भी कम देखे जा रहे हैं। सूरज ढलने के कुछ देर बद ही शहर में सन्नाटा छा जा रहा है। भाजपा नेता शमीम खान ने कहा है कि जिला प्रशासन को संज्ञान में लेते हुए अलाव की व्यवस्था पूर्व की भांति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही सरकार की तरफ से गरीब मजदूर को कंबल का वितरण ससमय होना चाहिए। अंजुमन इस्लामिया गुमला के जॉइंट सेक्रेटरी सरवर आलम ने कहा है कि इतनी ठंड है कि लोग घरों में दुबके हुए हैं शाम होते ही चौक चौराहे में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन से इन समाज सेवियों ने अलाव की व्यवस्था जल्द से जल्द करने की मांग की है। मौके पर नईम अंसारी, सऊद आलम, मोहम्मद मेराज शकील खान नसीम खान, अकबर खान, अधिवक्ता मुमताज आलम, मोहम्मद पन्नू आकिब जावेद, राजू खान, नसीम खलीफा, मोहम्मद इलियास, चांद खान, हीरा साहू, वीरेंद्र साहू, नरेश साहू, अकील अहमद, फतेह मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

## मुरली बगीचा के मोहल्लेवासी और लड़का लड़कियों में हुई मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के मुरली बगीचा स्थित तालाब के पास गुरुवार की रात 8 बजे तीन लड़की दो-तीन लड़के से मुरली बगीचा मोहल्ले के लोगों के साथ मारपीट हो गयी। मारपीट की घटना में मुरली बगीचा निवासी एक महिला और एक युवक घायल हो गये। इसके बाद मोहल्ला के लोगों ने लड़की और लड़कों को दौड़ा-दौड़ा कर मारना शुरू किया। लेकिन वे लोग सरना टोली की तरफ भाग गये। वही एक लड़की को मोहल्ले वालों ने पकड़ लिया और उससे पूछताछ करने लगे। लड़की ने बताया कि वे लोग इधर घूमने आये थे घर वापस जा रहे थे। तभी कुछ लड़कों ने रोक टोक किया जिसके बाद मामला बढ़ गया और मारपीट की नौबत आ गयी। वही मुरली बगीचा के लड़कों ने कहा इन लोगों को हम लोगों ने रोक-टोक नहीं किया था।

### एनएच चौड़ीकरण घर अधिग्रहण मामला

# महिला ने 90 प्रतिशत घर टूटने के बदले पूरे घर के लिए मुआवजे की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** एनएच चौड़ीकरण में अधिग्रहण किये गये भरनो ब्लॉक चौक के पास नीलम देवी का घर को एनएचएआइ ने शुक्रवार को तोड़ने का काम शुरू कर दिया। इससे पूर्व नीलम देवी ने मीडिया के सामने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए बतलाया कि कैसे वो सरकारी अधिकारियों के यहां अपनी फरियाद लेकर पहुंची थी, पर किसी भी अधिकारी ने उनका एक न सुनी, अंततः उनका घर टूट रहा है, वह अपने घर के पीछे का कुछ हिस्सा को लेकर अड़ी हुई थी और उसका भी मुआवजा की मांग कर रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि मेरा घर 90 प्रतिशत टूटेगा लेकिन मैं बाकी 10प्रतिशत के लिए आगे भी अपनी लड़ाई लड़ती रहूंगी। भरनो की जनता भी आरकेडी कंस्ट्रक्शन के द्वारा किये जा रहें कार्य से काफी आक्रोशित है वहीं स्कूल चौक भरनो मे जो की स्कूल बैंक सहित सभी सरकारी गैर सरकारी आने जाने का मुख्य मार्ग है वहां पर भी किसी तरह का आने जाने के लिए कोई भी कटआउट नहीं दिया जा रहा है जिसके वजह से स्कूल चौक सहित आस पास के लोग काफी आक्रोशित नजर आ रहें है।

# शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से किया इंकार, केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शादी का प्रलोभन देकर चार वर्षों तक पति पत्नी के तरह एक साथ रहने, शारीरिक संबंध बनाने और गर्भपात कराने के बाद अब शादी से मुकरने के संबंध में युवती ने गुमला थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन में युवती ने कहा है कि गुमला के करंजटोली निवासी मार्शेल टोप्पो से लाकडाउन के समय वर्ष 2019 में मुलाकात हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में नजदीकी बढ़ गयी। शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और रांची के करमटोली में उसके साथ किराए के मकान में चार साल तक पति पत्नी के रूप में रह रहे थे। इसी बीच उसके साथ शारीरिक संबंध बनता रहा। वह गर्भवती हो गयी। दोनों के बीच के संबंध की दोनों परिवार व गांव वालों को भी जानकारी है। जब उससे शादी का प्रस्ताव रखा तब वह इंकार कर गया। जान देने के लिए वह कुआं में कूद गयी। तब उसे बचा लिया लेकन उसका गर्भवात हो गया। मोबाइल को ब्लाक कर दिया और बात चीत भी नहीं कर रहा है। शुक्रवार को मैं उसके घर गयी तो मुझे देखकर भाग गया। उसकी बहन ने मुझे घर से भगा दी। युवती ने आरोपी के खिलाई कार्रवाई करते हुए न्याय की मांग की है।

# ठंड से राहत के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार गुमला जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत प्रखंड स्तर पर जरूरतमंद नागरिकों के बीच प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण किया जा रहा है। यह पहल ठंड से प्रभावित नागरिकों को राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गयी है।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों, निर्धन बस्तियों और जरूरतमंद समुदायों की पहचान कर पारदर्शी और त्वरित तरीके से कंबल वितरण सुनिश्चित करें। अब तक सैकड़ों की संख्या में कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किये जा चुके हैं।

**प्रखंड स्तर पर कंबल वितरण की प्रमुख गतिविधियां**

**सीकरी पंचायत:** आवराटोली के कोरवा और खूंटी टोली के बिरहोर समुदायों के बीच कंबल वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी जारी ने स्वयं किया।

**आदर पंचायत:** सलगी ग्राम के आदिम जनजाति परिवारों के टोला पीराहपथल में कंबल वितरण किया गया।

**घाघरा प्रखंड:** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने हाथों से जरूरतमंद नागरिकों के बीच कंबल बांटे।

**सिसई प्रखंड:** मुर्गू, शिवनाथपुर और पंडरिया पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कंबल वितरित किये।

इसके अलावा नगर परिषद द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के रिक्शा चालकों के बीच भी कम्बल का वितरण किया गया। जिले के अन्य प्रखंडों में भी स्थानीय प्रशासन की देखरेख में जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किये जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति ठंड से प्रभावित हो, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या जिला नियंत्रण कक्ष को दें, ताकि उसे तुरंत सहायता उपलब्ध करायी जा सके।

# देवाकी में पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी गांव में विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जहां मुख्य रूप से उपस्थित पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सीमा एक्का ने पशुधन के स्वास्थ्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बीमारियों के लक्षण और उनके उपचार के लिए लगाए गए शिविर में बैल, गाय, बकरी सहित अन्य पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। वही 40 पशुपालकों के बीच निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ सीमा एक्का के साथ पशुपालकों में रामधनी साहू, पांडू लोहरा, रामकिशोर सिंह, दिलीप कुमार, बैजू गोप, निरंजन यादव, गजेंद्र साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## मेदिनीनगर में पिंक सिटी बस का परिचालन प्रारंभ



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहरवासियों को शुक्रवार को बड़ी सौगात प्रदान की गयी है। शहरवासियों के आवागमन हेतु चार पिंक सिटी बसों का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया। नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने सभी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संबंध में नगर आयुक्त श्री हुसैन ने बताया कि शहरवासियों का ध्यान में रखते हुए इसमें जीपीएस और मोबाइल चार्ज करने के लिए स्लॉट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिंक सिटी बस छः मुहान से चियांकि,छः मुहान से निमिया भाया चैनपुर, छः मुहान से पोखरहा -रजवाडीह,छः मुहान से बिस्फुटा होते हुए पाटन मोड़ तक प्रतिदिन चलाया जायेगा। पिंक सिटी बस का परिचालन सुबह 7:00 बजे से शाम 05 बजे तक होगा। इस अवसर पर निगम के सिटी मैनेजर समेत विभिन्न कर्मी मौजूद रहे।

# बस और ट्रक की टक्कर में दो की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/ पलामू।** कोहरा बना काल, शुक्रवार की सुबह लगभग 8: 00 बजे रांची मेदिनी नगर मुख्य मार्ग पर सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया कब्रिस्तान के पास जेपीएस बस और ट्रक की भीषण टक्कर हो गयी, जिसमें चालक समेत दो लोगों की मौत तथा एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। आशंका जतायी जा रही है की दुर्घटना घने कोहरे के कारण हुई है। जानकारी के अनुसार जेपीएस बस सवारी लेकर डाल्टेनगंज से रांची जा रही थी इसी दौरान कसीयाडीह से आगे बकोरिया कब्रिस्तान के पास रांची की ओर से आ रहा ट्रक कोहरे के कारण नहीं दिखायी दिया और आमने-सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रक दोनों के अगले पोर्शन के परखच्चे उड़ गये हैं। इस दुर्घटना में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार सूचना पाते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को निकाल कर तुरंत नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान चालक और सतबरवा के मुक्ता निवासी रियासत मियां लगभग 50 वर्ष की मौत हो गयी।

गांव वालों ने बताया कि रियासत अपनी पत्नी का ईलाज कराने रांची जा रहा था, घटना में उसकी पत्नी का पैर टूट गया है। रियासत अपने घर का इकलौता कमाने वाला था। इस दौरान चिकित्सकों ने कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। अधिक लोगों के एक साथ पहुंचने पर अस्पताल में भी अफरा तफरी मच गयी, और चारों ओर रोते बिलखते और चिल्लाते परिजन नजर आ रहे थे।

# नाम के अनुरूप रौनक ने अपनी प्रतिभा से जिले में लाया रौनक : अविनाश देव

**भूटान में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम का रौनक ने गोल्ड मेडल के साथ जीता एक लाख का इनाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भूटान में आयोजित इन्टरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विधालय के चार चयनित बाल कराटेकारों ने चुस्ती-फुर्ती के साथ फाईट करते हुए तीन खिलाड़ी रौनक कुमार, उज्जवल राज, अयान सिद्धकी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं ओम प्रकाश ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विदित हो की यह प्रतियोगिता निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन आंफ भूटान के तत्वावधान में 31और एक जनवरी 2025 को स्पोर्ट्स हाल फुंटशोलिग भूटान में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल हासिल किये संत मरियम विधालय के बाल कराटेकारो को विभिन्न देशों में हो रहे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन ग्रैंड मास्टर डॉ विकास सांधु के द्वारा किया गया। रौनक कुमार को मलेशिया, उज्जवल राज को थाईलैंड, अयान सिध्की को दुबई इत्यादि देशों में जाकर चैंपियनशिप में भाग लेंगे, वहीं रौनक कुमार को तीसरी बार भूटान चैंपियनशिप में भाग लेने पर निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ भुटान द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि दी गयी। उक्त जानकारी संत मरियम विद्यालय मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने दी। जब चार खिलाड़ियों की जीत की खबर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव को मिली तो काफी प्रसन्न हुए, जैसे यू मानो की विद्यालय परिवार व बच्चों के बीच खेल जगत में नया उजाला दिखायी दे रहा हो। श्री देव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत मरियम के कराटेकारों ने विद्यालय व पलामू जिले को गौरवांवित तो किया ही है, साथ ही रौनक ने गोल्ड मेडल के साथ एक लाख का उपहार जीत कर अपने परिवार और विद्यालय में रौनक ला दिया है। समस्त खिलाड़ियों के विद्यालय में पहुंचते ही उन्हें भव्य रूप से स्वागत किया जायेगा।

# महूदण्ड मुखिया ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, संचार सेवा शुरू कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय से 25 किमी दूर अति उग्रवाद प्रभावित महूदंड ग्राम पंचायत के लोग आज भी इस डिजिटलीकरण के दौर में ऑनलाइन कार्यों के लिए अनुमंडल का चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। इस गांव में एक साल से बीएसएनएल का टॉवर तो है, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। इस संबंध में पंचायत की मुखिया मीना देवी ने शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवड़िया को ज्ञापन सौंपकर बीएसएनल का नेटवर्क चालू कराने और जियो का नेटवर्क लगवाने की मांग की है। एसडीओ को दिये गये ज्ञापन में मुखिया मीना देवी ने कहा है कि अनुमंडल मुख्यालय से 25 किमी दूर महूदंड ग्राम पंचायत की छह हजार आबादी आज भी दूर संचार सेवा से वंचित हैं। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, और तो और ऑनलाइन सरकारी कार्यों को कराने के लिए ग्रामीणों को हुसैनाबाद आना पड़ता है। साथ ही नेटवर्क नहीं रहने की वजह से ऑनलाइन बैंकिंग, प्रज्ञा केंद्र, ग्राहक सेवा केंद्र के साथ-साथ जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को भी ई-पास मशीन से राशन वितरण के लिए जंगल में पहाड़ का सहारा लेना पड़ता है। दुकानदारों को पहाड़ी क्षेत्रों पर नेटवर्क की तलाश कर उपभोक्ताओं से बायोमैट्रिक के माध्यम राशन वितरण करना पड़ता है। मुखिया ने एसडीओ से पंचायत क्षेत्र में दूर संचार सेवा बहाल कराने का आग्रह किया है। एसडीओ ने मुखिया को आश्वासन दिया है कि विभागीय अधिकारियों को पत्र भेजकर संचार सेवा शुरू कराने की पहल की जायेगी।

# बीडीसी की बैठक में उठे कई मुद्दे, अधिकारियों ने दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**एमओ सह बीएओ ब्रजेश कुमार ने कृषि, खाद्य आपूर्ति और सहकारिता विभाग की आंकड़ा प्रस्तुत किए। जिसमे एनआई द्वारा आवंटित दिसंबर माह का राशन वितरण में जिले में चौथा, ग्रिन कार्ड में प्रथम, चीनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी दी। सहकारिता विभाग के पांच क्रय केंद्रों ने प्राप्त लक्ष्य 21,500 क्विंटल के विरुद्ध 4,859 क्विंटल धान खरीदारी कर लेने, मुख्यमंत्री कुसुम योजना के तहत एक सौ किसानों को सोलर पंप दिये जाने की जानकारी दी।**

**हरिहरगंज/पलामू।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक हुई। जिसका संचालन बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने की। बैठक में जेएसएलपी, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य आपूर्ति, सहकारिता, मनरेगा, पशु एवं कल्याण विभाग, पीएम तथा अबुआ आवास की समीक्षा की गयी। बैठक में केसीसी और अन्य कार्यों के लिए एलपीसी सहित कई मुख्य मुद्दे छाये रहे। इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने पंचायत सचिवों पर सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से सबंधित जानकारी देने में टाल मटोल करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि आवास सहित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों की कई बार सूची मांगी गयी। बावजूद इसके पंचायत सचिवों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी। इसे देखते हुए बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों को सूची देने का निर्देश दिया। वहीं विधायक प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद महेंद्र यादव ने राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पीएम तथा अबुआ पर कई सवाल खड़ा किए। जिस पर बीडीओ ने संज्ञान में लेने की बात कही।

## प्रजापति समाज पांकी विधायक को कल करेगा सम्मानित



पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रजापति समाज के द्वारा पांच जनवरी को सुबह 11:00 बजे अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित कर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को सम्मानित करेगा। यह कार्यक्रम पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति के पीरी मोड़ आवास पर आयोजित किया जायेगा। इसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों प्रजापति समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को सम्मानित करेंगे। मौके पर मुखिया सुनील कुमार प्रजापति, श्याम नारायण प्रजापति, अनिरुद्ध प्रजापति, सुमंत प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, अरविंद प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## असहाय और गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के कामगारपुर गांव निवासी प्रखर समाजसेवी प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए असहाय और गरीबों के बीच कंबल का वितरण निजी खर्च से किया। प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने कहा कि इस शीतलहरी में गरीबों व असहायों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने निजी खर्च से गांव के आस पास के असहाय व गरीबों को राहत देने का प्रयास किया है। उन्होंने संपन्न लोगों से गरीबों को राहत देने का आह्वान किया है।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष के आवास परिसर में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला स्थित आवास पर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की चित्र पर माल्यार्पण एवं चरणों में पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनायी गयी। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री बैठा ने कहा कि महाराष्ट्र के सतारा में जन्मी सावित्रीबाई ने महिलाओं और बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने विधवाओं के उत्थान के लिए भी अथक प्रयास किये। मौके पर प्रमोद कुमार रजक, राजेश्वर यादव, कलावती देवी, प्रतिमा देवी, काजल, अर्चना, रेखा, गुड़ी, कुणाल, अनीता, राजेश समेत कई लोग मौजूद थे।

# गरीबों की सेवा ही होता है परमेश्वर की पूजा : ट्री मैन और पार्षद अमित

**पर्यावरण धर्म के तहत डॉ कौशल व पार्षद अमित ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दो अनाथ बच्चे को लिया गोद**

**धर्म गुरु ने क्षेत्र के अलग अलग दो श्राद्धकर्म में शामिल होकर किया पौधरोपण, तीन वर्ष पहले मां की भी हो गयी थी मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरू पंचायत के स्व बुधन यादव और चराई पंचायत स्व बिहारी राम के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और अपने पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में सेजिया दान के साथ दान किये गये पौधा लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। मौके पर मृतक बिहारी राम के पिता रामनाथ राम, भाई अजय राम, शंकर राम, उमेश राम, सुनील,पवन, अखिलेश, अनाथ पुत्र सत्यम और पुत्री रेशमा और डाली बाजार पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, हेनहे निवासी स्व. बुधन यादव के पुत्र रामकेश यादव, शिव यादव, शंकर, शिवनाथ, सुरेश, रामलाल राम आदि शामिल थे।

# कार्यकर्ता मेहनत और लगन से अभियान को बढ़ाते चलें और लक्ष्य को पूरा करें : मनोज सिंह

**पलामू भाजपा की सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में संगठनात्मक सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय में हुई। संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को 14 जनवरी तक हर हाल में पूरा करना है, इसलिए सभी कार्यकर्ता तेजी से इस अभियान को बूथ स्तर पर करते चलें। समर्पित कार्यकर्ता कम से कम 50 की संख्या में लोगों को सदस्य बनाएं, तभी वह सक्रिय सदस्य बन पायेंगे। 2019 में झारखंड में सदस्यता अभियान में पलामू जिला तीसरे स्थान पर था। कार्यकर्ता मेहनत और लगन से अभियान को बढ़ते चले और लक्ष्य को पूरा करें। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि हमारी पार्टी विचारधारा और कार्यकर्ताओं पर आधारित रही है। समय-समय पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है जो कार्यकर्ताओं को ऊजार्वान बनाये रखना है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि संगठन का कार्य निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बल पर ही बढ़ता है। बैठक में परशुराम ओझा, शिवकुमार मिश्र, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, विपुल गुप्ता, विजय कुशवाहा, सतीश पासवान, शुभम प्रसाद, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, छोटू सिन्हा, सुशील सिंह, राजेश पांडे, रीमा, अखिलेश, शशिभूषण, रेणु देवी, पूनम देवी मौजूद थी।

## दीप यज्ञ और कथा प्रवचन का आयोजन



छतरपुर(पलामू)। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन के द्वारा दीपयज्ञ और प्रवचन का कार्यक्रम छतरपुर प्रखंड के चीरू देवी स्थान में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान 251 दीप प्रज्वलित कर दीपयज्ञ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कथा वाचक रमेश कुमार दुबे को मुख्य अतिथि सह मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने माला और शॉल से सम्मानित कर किया। इस संबंध में गायत्री परिवार के सदस्य डॉ बीके यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को गायत्री परिवार की विशेषता और लाभों से अवगत कराना है। कथा वाचक रमेश कुमार दुबे ने बताया कि गायत्री मंत्र विश्व के सबसे शक्तिशाली मंत्र है। और गौ, गुरु, गंगा, गीता यह सभी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धुरी है।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 185 रन पर ऑलआउट हो गयी है। शुक्रवार को स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1 है।

# सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत 185 पर ऑलआउट

## स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1, पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये

एजेंसी



**सिडनी।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 185 रन पर ऑलआउट हो गयी है। शुक्रवार को स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1 है। उस्मान ख्वाजा 2 रन बनाकर आउट हुए। सैम कोंस्टास पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद 7 रन पर नाबाद लौटे हैं।

स्टंप्स से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह की युवा ओपनर सैम कोंस्टास से बहस हो गयी। इस बहस के तुरंत बाद बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (2 रन) को पवेलियन की राह दिखायी। ख्वाजा के आउट होने ही अंपायर्स ने दिन का खेल समाप्त कर दिया।

भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 26 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 20 रन और विराट कोहली ने 17 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। पैट कमिंस को 2 विकेट मिले। एक विकेट नाथन लायन के खाते में आया।

भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में रोहित शर्मा की जगह जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। रोहित शर्मा को रेस्ट दिया गया है।

### सिडनी टेस्ट के लिए दोनों टीमें

**भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

# सिडनी टेस्ट के पहले दिन बुमराह को कोंस्टास ने उकसाया, अगली बॉल पर ख्वाजा को आउट किया

एजेंसी



बुमराह (दायें) और कोंस्टास का बीच-बचाव करते हुए अंपायर।

**सिडनी ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा सिडनी टेस्ट का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में भारतीय टीम पहली पारी में 185 रन पर सिमट गयी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 रन बनाए और एक विकेट भी गंवा दिया।

दिन के आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास और भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के बीच बहस हो गयी। बीच-बचाव के लिए अंपायर को आना पड़ा। इसकी अगली बॉल पर बुमराह ने ख्वाजा को आउट कर दिया। वहीं, भारत के लिए पहली पारी में ऋषभ पंत (40 रन) टॉप स्कोरर रहे। उन्हें मैच के दौरान दो बार ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की बॉल लगी। इस दौरान मैच भी कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। पंत ने अपनी पारी में एक सिक्स लगाया, जो बॉल साइट स्क्रीन पर जा गिरी। इसे उतारने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जिससे समाज का हर वर्ग जुड़कर कार्य करना चाहता: संतोष गंगवार

**राज्यपाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन में हुए शामिल**

**अधिवेशन एक महामंथन है जहां से शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु अमृत कलश लेकर सभी कार्यकर्ता अपने-अपने जिले जायेंगे: मनोज सोरेन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** के के पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन का शुक्रवार को झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा, विशिष्ट अतिथि आइएसएम धनबाद के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्र, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, स्वागत समिति के अध्यक्ष रवि चौधरी, स्वागत समिति के मंत्री मुकेश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मौसमी पाल और प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन के द्वारा विधिवत रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप और पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जिससे समाज का हर वर्ग जुड़कर कार्य करना चाहता है। मुझे इस बात का अफसोस है कि मैं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के नाते अपने छात्र जीवन में कार्य नहीं कर पाया लेकिन आज जबकि इस अधिवेशन में अतिथि के नाते उपस्थित होना हुआ है तो गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद राज्य के शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और हम सभी मिलकर शिक्षा क्षेत्र में झारखंड में एक सकारात्मक माहौल स्थापित करने का कार्य करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कहीं भी जब छात्र हित का हनन होता है तो छात्र समुदाय उम्मीद भरी नजरों से विद्यार्थी परिषद की ओर देखता है। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान दौर में छात्राओं को सशक्त करने के लिए और बंगाल में जिस प्रकार की असामाजिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है, उसको देखते हुए छात्राओं को मिशन साहसी के माध्यम से आत्मरक्षा के शिक्षा दी जा रही है। एक-एक कार्यकर्ता अपने सभ्यता अपनी संस्कृति को आत्मसात कर राष्ट्र पुनर्निर्माण के उद्देश्य के लिए एक-एक परिसर में पूरी तन्मयता के साथ लगा रहता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता परिसर में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार के साथ युवा किस क्षेत्र में अपना करियर चुने इस हेतु वर्ष भर सकारात्मक दिशा में प्रयत्न करते रहते हैं। प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि यह अधिवेशन केवल एक अधिवेशन मात्रा नहीं है बल्कि यह एक महामंथन है, जिसके माध्यम से झारखंड के शिक्षा क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में सुधार हेतु निष्कर्ष के रूप में अमृत कलश लेकर विभिन्न जिलों से आए युवा तरुणाई अपने-अपने जिलों में जाकर वर्ष भर शिक्षा और सामाजिक सुधार हेतु कार्य करेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत, प्रांत प्रमुख डॉ पंकज कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ दीपनारायण जायसवाल, अखिल भारतीय जनजातीय कार्य सह प्रमुख निलेश सोलंकी, प्रदेश संगठन मंत्री निलेश कटारे सहित शिक्षाविद प्रशासनिक जगत के लोग सामाजिक क्षेत्र के लोग के साथ हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 34वें शहादत दिवस पर राज्यपाल ने दी शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के जांबाज एसपी अशोक चक्र शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के 34वें शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा चौक में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रसाद, सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक झरिया रागिनी सिंह, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा के जीवन मूल्यों का आत्मसात करना चाहिए। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के संदेश को जीवंत रखा है। उनकी शहादत ने साबित किया है कि राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जिस तरह से उन्होंने अदम्य साहस और समर्पण से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आतंकवादियों से मुकाबला कर उनके षड्यंत्र को नाकाम कर दिया, वह गौरवशाली इतिहास बनकर रह गया। राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने भी बलिदानियों को राष्ट्र का गौरव बताया है। वहीं शहीद रणधीर वर्मा प्रसाद वर्मा मेमोरियल सोसायटी ने इतने सालों से उनकी शौर्य गाथा को जीवंत रखा है, यह अच्छी परंपरा है। यह युवाओं को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा पूरे देश के लिए आदर्श है। उन्होंने अपनी जान की कुबार्नी देने में कदम पीछे नहीं हटाये। जब तक इतिहास रहेगा देश उनको याद करते रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा समाज की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझते थे। उनके व्यक्तित्व में एक अधिकारी के साथ एक संवेदनशील इंसान भी था। समारोह को सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा ने भी संबोधित किया इससे पहले बैंक मोड़ थाना में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, शहीद रणधीर वर्मा की धर्मपत्नी सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर रीता वर्मा, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के जांबाज अधिकारी और धनबाद के 41वें पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा 06.08.1989 से 03.01.1991 तक धनबाद के एसपी रहे। उन्होंने 3 जनवरी 1991 को धनबाद के हीरापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया को लूटने आये खालिस्तानी आतंकवादियों से जूझते हुए वीरगति को प्राप्त किया। महामहिम राष्ट्रपति ने उन्हें शौर्य, बहादुरी और बलिदान के लिए वीरता का सर्वोच्च पदक अशोक-चक से सम्मानित किया था। महामहिम उपराष्ट्रपति ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। कार्यक्रम में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष किशोर कुमार, आयोजन समिति के संयोजक भृगुनाथ भगत सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## टुंडी झामुमो द्वारा नवबर्ष पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय से सटे पर्यटकों के दिलों में राज करने वाला सबसे बेहतरीन पिकनिक स्पॉट सिंदुवारीटांड लगातार अपने सौन्दर्य साज सज्जा को लेकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी झामुमो द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज शुक्रवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा नेता बाबा मनीर मस्तान की अध्यक्षता में नवबर्ष पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पहुंचे जहां अल्पसंख्यक मोर्चा नेता बाबा मनीर मस्तान ने शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने सभी इंडिया गठबंधन समर्थित कार्यकर्ताओं को नवबर्ष पर बधाई दी और कहा कि आज का दिन बहुत ही खुशी और आनंदमय दिन है आज हम सभी कार्यकर्ता नवबर्ष पर एक दूसरे को बधाई देते हुए इस मिलन समारोह सह वनभोज जैसे महान कार्यक्रमों में उपस्थित हुए इस एकजुटता को बरकरार रखते। मौके पर झामुमो नेता बाबा मनीर मस्तान, अख्तर अंसारी, फूलचंद किस्कू, टुंडी अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर उमाशंकर, कामेश्वर प्रसाद सिंह, बसंत महतो, अजीमुद्दीन अंसारी, असद कलीम, अनिल राम, बिट्टू गुप्ता, रूस्तम काजी बबलू अंसारी, आनंद महतो, अब्दुल रशीद अंसारी, अनवर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, शहजाद अंसारी, इंद्रलाल बास्की, सुनील बेसरा, इम्तियाज अंसारी, शमशेर अंसारी, लोलिन बास्की,संतूलाल किस्कू समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# पहला कदम में पहली बार राज्यपाल संतोष गंगवार का हुआ आगमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को नारायणी चरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जग जीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार का ऐतिहासिक (प्रथम) आगमन हुआ। राज्यपाल के साथ धनबाद सांसद ढुलू महतो, धनबाद उपायुक्त, एसएसपी सर, एडीएम, एसडीएम , सरायढेला प्रभारी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तिओ का आगमन हुआ। पहला कदम स्कूल में महामहिम का शंखनाद,पुष्प वर्षा और दीप के साथ तुलसी पौधा देकर भव्य स्वागत किया गया। दिव्यांग बच्चों ने झारखण्ड के लोग गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। राज्यपाल ने पहला कदम का निरीक्षण देख सराहना करते हुए कहा यहां दिव्यांगता के लिए जो अद्वितीय कार्य हो रहा है वह जीवन में कभी न देखा। यहां दिव्यांगों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार के अवसर भी दिला उन्हे आत्मनिर्भर बनाना प्रेरणा दायक कार्य है जिसके कदम से कदम मिलाने में समाज के हर वर्ग का सहयोग मिलना चाहिए। राज्यपाल के द्वारा इंडिया थेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर पहला कदम की चेयरमैन रेनु दूदानी, सचिव अनिता अग्रवाल, सुनीता बंसल, अमरेश सिंह, लखि सोरेंन, प्रतिक अग्रवाल, कौशल अग्रवाल, सोमनाथ पूर्थी तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे। राज्यपाल के दिव्यांग बच्चों के लिए अपने अनमोल समय और अमूल्य मार्ग दर्शन के लिए सचिव अनिता अग्रवाल ने आभार प्रकट किया। राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने हेतु सदेव साथ निभाने का वादा कर पुनः मिलने का वादा कर विदा लिये।

# अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश का महाअधिवेशन का खिचड़ी तौल कर हुआ शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की शुरूआत शुक्रवार से हो गयी। इसकी शुरूआत रेशमा मां की खिचड़ी तौलकर शुभ कार्य की शुरूआत किया गया। अधिवेशन में किन्नरों की मंडप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी पहुंची और कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आयी अलावाया नायक ने कहा की झारखंड में पहली बार हो रही किन्नरों का अधिवेशन में लगातार आना जारी है। प्रथम दिवस के कार्यक्रम शुभारंभ के मौके पर अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, जोधाबाइ नायक, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक, सांवरिया, गीता नायक आदि शामिल थे।

## पर्यावरण संरक्षण श्रम कल्याण संस्था ने मनायी स्व अर्जुन सिंह की 13वीं पुण्यतिथि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण श्रम कल्याण संस्था की ओर से संस्था के संस्थापक और श्रमिक नेता कुमार अर्जुन सिंह की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर बरटांड़ स्थित होटल पिंकराज परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। कार्यक्रम में कुमार अर्जुन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही कोयलांचल के अमर शहीद रणधीर वर्मा और शहीद श्यामल चक्रवर्ती की स्मृति में भी दो मिनट का मौन रखा गया। इस पुण्यतिथि के कार्यक्रम में उपस्थित हुए विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा, अभिजीत राज, बिन्देश्वरी प्रसाद, डीएसओ धनबाद को संस्था के अध्यक्ष आर पी सिंह एवं सचिव मुकेश सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जरूरतमंदों के बीच सौ कंबल का वितरण किया गया। दरिद्र नारायण भोज भी कराया गया।

# आइआइटी आइएसएम में सिविल इंजीनियरिंग में हालिया प्रगति पर दो दिवसीय कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम के एग्जीक्यूटिव डेवलपमेंट सेंटर में सिविल इंजीनियरिंग में हालिया प्रगति और सर्वोत्तम प्रथाओं पर कार्यशाला, जिसमें कंक्रीट निर्माण में उच्च-शक्ति वाले सुदृढीकरण बार के उपयोग पर जोर दिया गया है। शीर्षक से दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक उद्घाटन हुआ। जिसमें उद्घाटन दिवस पर चार विशेषज्ञ व्याख्यान दिये गये। प्रो एससी दत्ता ने भूकंप इंजीनियरिंग में क्या करें और क्या न करें विषय पर मुख्य भाषण दिया, जिसमें भूकंप के दौरान संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण विचारों पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षित बियरिंग क्षमता और पाइल क्षमताओं की गणना पर भी चर्चा की। प्रतिभागियों ने प्रो राहुल भारतीया और प्रो प्रणेश रॉय के मार्गदर्शन में कंक्रीट और सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा किया और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि, प्रो सुकुमार मिश्रा, निदेशक, आइआइटी आइएसएम धनबाद, ने उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के विकास में सिविल इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के विकसित भारत 2047 लक्ष्य को प्राप्त करने में इसकी महत्ता को रेखांकित किया।

## आदिवासी गांव तेलो में तीन दिनी सोहराय पर्व

**चंद्रपुरा/बेरमो (आजाद सिपाही)। चंद्रपुरा प्रखंड के आदिवासी बहुल गांव तेलो पशिचमी, तेलो मध्य, तेलो पूर्वी पंचायत में सोहराय पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मांदर की थाप के साथ बरदखुटा और सोहराय पर्व संपन्न हुआ। वही तेलो पशिचमी पंचायत के बदाही गांव में सोहराय पर्व पर पूर्व मंत्री बेबी देवी के भतीजा प्रभाकर महतो, मुखिया जितेंद्र शर्मा, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र महतो, भाजपा तेलो मंडल, अध्यक्ष मेघन महतो, झारखंड नव निर्माण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष गणेश वर्णवाल, झामुमो नेता योगेंद्र प्रसाद, अर्जुन पंडित, शामिल होकर आदिवासी महिला पुरूषो के साथ मिलकर नृत्य किया।**

## दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और रोजगार कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**महुदा (आजाद सिपाही)।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा और विकास बोर्ड, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धनबाद क्षेत्रीय निदेशालय के तत्वावधान में नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता और निबंधन शिविर का समापन तीन जनवरी को हुआ। यह शिविर एक जनवरी से तीन जनवरी तक आयोजित किया गया था। इस तीन दिवसीय शिविर में 53 लोगों ने निबंधन कराया, जबकि आयुष्मान भारत योजना के तहत 30 आभा कार्ड भी बनाये गये। शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को न केवल स्किल्ड और नॉन-स्किल्ड क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गयी, बल्कि नेशनल करियर सर्विस के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निदेशक चंद्रशेखर विद्या ने युवाओं को करियर सर्विस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बड़ी कंपनियां नेशनल करियर सर्विस के रजिस्ट्रेशन करने वाले लड़कों और लड़कियों से संपर्क करती हैं। उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्रामीण स्वयंसेवक गोविन्द प्रसाद रवानी और सहदेव महतो भी उपस्थित रहे। इस शिविर ने स्थानीय युवाओं को रोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने में अहम भूमिका निभायी।

# श्यामल चक्रवर्ती का शहादत दिवस धूम धाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** शुक्रवार को सहीद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति और भाकपा-माले जिला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने किया, और संचालन सुभाष चटर्जी ने किया। सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद सभा स्थल पर शाहिद मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। श्यामल चक्रवर्ती के 34वां शहादत दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में दयामनी बारला उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो के द्वारा किया गया। उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि शहादत का 34 वर्ष हो चुका है। एक समय में दो शहादत हुआ। शहीद रणधीर वर्मा को परमवीर चक्र मिला, लेकिन श्यामल चक्रवर्ती को आज तक सरकार से कोई सम्मान नहीं मिला। सीपीएम के जिला सचिव संतोष घोष ने सम्मान देने की बात की। स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सह भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि हम श्यामल चक्रवर्ती का 34 वर्ष पूरा होने का शहादत दिवस मना रहे है। मुख्य अतिथि दया मनी बारला ने कहा मुझे आज बहुत खुशी हो रहा है कि आज मैं यहां पर उपस्थित हूं। मैं जल जंगल जमीन का संघर्ष कर रहा हूं, लेकिन यह बहुत बड़ा शहादत है। सरकार को इनको सम्मान जरूर देना चाहिए। हम शोषित वंचित के लिए लगातार संघर्ष कर रहे है, करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दोनों को शहादत अर्पित करता हु। आज का दिन झारखंड के लिए महत्वपूर्ण दिन है आज झारखंड के खूंटी जिला में जयपाल सिंह का जन्मदिन है, लेकिन आनंद बाबू जो चार बार विधायक रहे वे मुझे आमंत्रण देने आये। उनके सादगी को देखकर मैं बहुत प्रभावित हुं। संघर्ष करने वाले को सम्मान नहीं मिलता है। सीपीएम के पूर्व राज्य सचिव गोपीकांत बक्शी ने भी श्यामल चक्रवर्ती को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि श्यामल चक्रवर्ती एक साधारण व्यक्ति होकर शहादत दिया। किसान नेता 38 दिन से भूख हड़ताल में है कोई सुनने वाला नहीं है। कॉमरेड हलधर महतो ने कहा हम नया वर्ष शहादत दिवस से शुरू करते है। कॉमरेड ए के रॉय नहीं होते तो रणधीर वर्मा को भी सम्मान नहीं मिलता। कॉमरेड रामकृष्ण सिंह ने कहा कि देश जब गुलाम था युवा लोग देश को आजाद करने के लिए आगे आये। भाकपा माले जिला सचिव बिंदा पासवान ने कहा कि देश के लिए गर्व की बात है, एक साधारण आदमी जिन्होंने राष्ट्रीय संपत्ति को बचाने में शहीद हो गये हैं, ऐसे शहीद को हम हमेशा याद रखेंग। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा-माले राज्य कमेटी के सदस्य हरिप्रसाद पप्पू, बिंदा पासवान, कार्तिक प्रसाद, शाहिद श्यामल चक्रवर्ती स्मारक समिति के सचिव समीर गोस्वामी, नारायण चंद्र मंडल, बदल बाउरी, डोरा मंडल, रेखा मंडल, महतो, देवाशीष पांडे, सुनील महतो, रोहित महतो, चंदन भूमिहार, विश्वजीत राय, संदीप कौशल, वेद प्रकाश सिंह, रवि सिंह, गोपाल महतो, जय कुमार भुइया, राजेश बेरूवा, मनीष यादव, सतनारायण सिंह, करण पासवान, मुक्तेश्वर महतो, सहदेव सिंह, दशरथ ठाकुर, प्रोफेशनल केपि अजीत, मधेश्वरी प्रसाद, रघुनाथ राय, यामल चक्रवर्ती स्मारक मूर्ति पर मालदर्पण विधायक राज ,रागिनी सिंह, पूर्व सांसद प्रोफेसर रिता वर्मा, पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, शेखर अग्रवाल, हरिप्रसाद लाठा, रमेश टुडू, रवींद्र वर्मा, वैभव सिंहा ने किया।

## सीओ ने किया तेलो तरंगा पंचायत के सीएससी केंद्र का जांच



**चंद्रपुरा/बेरमो। बोकारो उपायुक्त के निदेर्शानुसार चंद्रपुरा अंचल अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को चंद्रपुरा प्रखंड के तरंगा, तेलो पूर्वी, तेलो मध्य, तेलो पश्चिमी पंचायत सचिवालय में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी का जांच किया। जांच के दौरान जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवसीय, आधार कार्ड, राशन कार्ड, नया राशन कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, स्टाम्प पेपर, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि की रजिस्टर की बराकी से जांच किया। सभी आमजनों से कहा कि आप लोग राशन कार्ड, भारत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड समेत कोई भी प्रमाण पत्र बनाते है तो सरकारी रेट ही दे। इस दौरान मुखिया जितेंद्र शर्मा, पंचायत समिति सदस्य आदि मौजूद थे।**

## कांड्रा पंचायत में ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड के कांड्रा पंचायत सचिवालय में बढ़ती ठंड को देखते हुए कांड्रा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी और भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने संयुक्त रूप से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लाभुकों को कंबल प्रदान कर ठंड से बचाव का उपाय किया। इस दौरान रिंकू देवी और धनेश्वर महतो ने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को राहत मिल सके, इसके लिए यह पहल की गयी है। इस मौके पर पंचायत के कई अन्य सदस्य भी मौजूद रहे और उन्होंने कंबल प्राप्त करने वाले लोगों से अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के अंतर्गत कई जरूरतमंदों को कंबल दिये गये, जिससे ठंड के प्रभाव से उन्हें कुछ राहत मिली। कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों ने मुखिया और भाजपा नेता के इस प्रयास की सराहना की और उनके द्वारा किये गये कार्य को समाज के प्रति सकारात्मक कदम बताया। मौके पर वार्ड सदस्य झालू देवी, नितु देवी, रीता देवी, नितु दास, जामिनी महतो, महेश कुमार गोस्वामी, खगेश्वर महतो उर्फ करमा महतो, लुकमान अंसारी, गोपन कर्मकार, डेगलाल महतो आदि मौजूद थे।

# तीन नयी रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखायी गयी और एक नया रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन हुआ

## एनआइइएलआइटी और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मालीगांव।** रेल संपर्क में सुधार के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, तीन नयी रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखायी गयी और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा निर्मित तेतेलिया स्टेशन यार्ड में एक नया रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) आज गुवाहाटी से राष्ट्र को समर्पित किया गया। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा, रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारत सरकार के माननीय विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे, इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर अन्य सांसद/विधायक भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक (निर्माण) अरुण कुमार चौधरी, मुख्यालय और मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय सांसद/विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित मंत्रियों की उपस्थिति में नाइलेट और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किये गये और उसका आदान-प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान-नाइलेट, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक प्रमुख संस्थान है, जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विशिष्ट श्रेणी के तहत एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी गयी है। रोपड़ में मुख्य परिसर के साथ-साथ अगरतला, आइजोल, अजमेर, औरंगाबाद, कालीकट, इम्फाल, ईटानगर, कोहिमा, गोरखपुर, पटना और श्रीनगर में इसकी 11 घटक इकाइयां यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण, साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी आदि जैसी उभरती डिजिटल तकनीकों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करेगा। पाठ्यक्रम उद्योग के साथ और उद्योग के लिए विकसित किया जायेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि कार्यबल उद्योग की जरूरतों के अनुसार कौशल हासिल करेगा। नयी शुरू की गयी ट्रेनों में ट्रेन नंबर 55818/55817 (गुवाहाटी - न्यू बोंगाईगांव - गुवाहाटी) डेली पैसेंजर, ट्रेन नंबर 15911/15912 (तिनसुकिया - नाहरलागुन - तिनसुकिया) त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12047/12048 (गुवाहाटी - उत्तर लखीमपुर - गुवाहाटी) द्वि-साप्ताहिक जन शताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं। हरी झंडी दिखाने के समारोह के दौरान माननीय रेल मंत्री ने कहा कि इन सेवाओं से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलने और असम और पड़ोसी क्षेत्रों में यात्रियों के लिए यात्रा विकल्पों में सुधार होने की उम्मीद है। आकाशवाणी कोकराझार में एक नये एफएम ट्रांसमीटर का भी उद्घाटन किया गया। इससे धुबरी, बोंगाईगांव और चिरांग जिलों सहित क्षेत्र के 30 लाख से अधिक निवासियों को लाभ होगा, जिससे उन्हें स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाले एफएम प्रसारण तक पहुंच प्राप्त होगी। रेल मंत्री ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि, 2009-14 की अवधि की तुलना में चालू वर्ष के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास कार्य के लिए वार्षिक बजटीय आवंटन में पांच गुना से अधिक की वृद्धि की गयी है।

# हरि बाबू कंभमपति ने ओड़िशा के 27वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर में शुक्रवार को गवर्नर हाउस के अभिषेक हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हरि बाबू कंभमपति ने ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। कंभमपति ओड़िशा के 27वें राज्यपाल बने। उन्हें ओड़िशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने शपथ दिलायी। उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय से बीटेक, एमटेक और पीएचडी की पढ़ाई पूरी की है। कॉलेज के दिनों से ही उनकी राजनीति में गहरी दिलचस्पी थी। 1971 में उन्होंने आंध्र प्रदेश जनता पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की।

बाद में 1991 और 1993 में वे पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर बीजेपी में शामिल हो गये। 1999 में वे विशाखापत्तनम निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गये। 2014 में वे उसी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गये। छह जुलाई, 2021 को उन्हें मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया। 24 दिसंबर को उन्हें ओड़िशा का नया राज्यपाल घोषित किया गया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने ग्लोबल कॉरपोरेट असेसमेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम को अपने असाधारण सस्टेनेबिलिटी प्रयासों के लिए मान्यता मिली है, और वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम क्षेत्र के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट (सीएसए) में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मजबूत पर्यावरण, सामाजिक और शासन (इएसजी) मापदंडों के आधार पर 77 के समग्र स्कोर के साथ, यह उपलब्धि कंपनी के लिए सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस उपलब्धि को और भी उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि लगातार चौथे वर्ष, वेदांता एल्युमीनियम इन रैंकिंग में वैश्विक स्तर पर शीर्ष कंपनियों में शामिल है। एसएंडपी ग्लोबल सीएसए वैश्विक बेंचमार्क के एक बेहद प्रतिष्ठित परिवार का प्रतिनिधित्व करता है जो आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक मानदंडों के आधार पर अग्रणी कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करता है। एसएंडपी ग्लोबल ईएसजी स्कोर कंपनी के प्रदर्शन और भौतिक ईएसजी जोखिमों, अवसरों और प्रभावों के प्रबंधन को मापता है, जो कंपनी के खुलासे, मीडिया और हितधारक विश्लेषण, मॉडलिंग दृष्टिकोण और एसएंडपी ग्लोबल सीएसए के माध्यम से गहन कंपनी जुड़ाव के संयोजन से सूचित होता है। वेदांता एल्युमीनियम में, हम मानते हैं कि स्थिरता का मतलब दीर्घकालिक मूल्य बनाना है। यह उपलब्धि 2050 तक नेट जीरो कार्बन प्राप्त करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है और हमें जिम्मेदार और अभिनव प्रथाओं में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करती है। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा, ॒हमें स्थिरता में अग्रणी के रूप में पहचाने जाने पर गर्व है, एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में दूसरा स्थान हासिल किया है। जैसा कि हम 2050 तक नेट जीरो की ओर अपनी यात्रा जारी रखते हैं, हम नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और जिम्मेदार प्रथाओं के माध्यम से दीर्घकालिक मूल्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो सभी के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान करते हैं। वेदांता एल्युमीनियम जिम्मेदारी से उत्पादित, उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम को वैश्विक स्तर पर अधिक सुलभ बना रहा है, जिससे एक हरित, अधिक संधारणीय भविष्य की ओर अग्रसर हो रहा है। वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय, भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का निर्माण करता है। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर्स, एल्युमीना रिफाइनरी और विद्युत संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# भुवनेश्वर में 8 जनवरी से प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 को समापन समारोह में शामिल होंगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर में आठ से 10 जनवरी तक 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जनवरी को इसका उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का समापन 10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस दिन प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार समारोह भी होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू शामिल होंगी। पहली बार आयोजन का जिम्मा संभाल रही ओड़िशा सरकार ने 50 देशों से 3,500 प्रवासियों को बुलाने का लक्ष्य रखा है। तीन दिवसीय सम्मेलन में कुल उपस्थिति लगभग 7,500 लोगों की होगी। ओड़िशा सरकार के गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में डेली रजिस्ट्रेशन की संख्या 150 से अधिक हो गयी है। एक सप्ताह पहले यह संख्या रोजाना केवल 40 से 50 तक थी। 2003 में वाजपेयी ने शुरूआत की थी, 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरूआत की थी। अब तक यह सम्मेलन नयी दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, हैदराबाद, जयपुर, चेन्नई, वाराणसी, बेंगलुरु और इंदौर जैसे शहरों में आयोजित किया जा चुका है। 2021 में कोविड महामारी के दौरान इसे वर्चुअल मोड पर किया गया था। 125 करोड़ का बजट भुवनेश्वर पहली बार मेजबानी कर रहा है। इनमें रात का फ्ली मार्केट, आदिवासी मेला, खाद्य महोत्सव, राजरानी संगीत फेस्टिवल, मुक्तेश्वर नृत्य महोत्सव और एकाम्र महोत्सव जैसे प्रमुख आयोजन शामिल हैं। इसके लिए 125 करोड़ का बजट निर्धारित किया था। मेहमानों के लिए मुंबई से पांच डबल डेकर बसें और 10 प्रीमियम बसें मंगवायी गयी हैं। इन बसों के माध्यम से अतिथियों को ओडिशा के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा, जिनमें कलिंग युद्ध स्थली, पुरी जगन्नाथ मंदिर, ब्लू फ्लैग समुद्री तट और कोणार्क के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर सहित कुल 31 प्रमुख स्थल शामिल हैं। भुवनेश्वर को उसकी चारुकला और हस्तकला की अनोखी प्रतिभा दिखाने के लिए पारंपरिक चित्रकला से सुसज्जित किया गया है, और आधुनिक रोशनी से सजाया जा रहा है। इसके अलावा, वस्त्र शिल्प में प्राचीन ओड़िशा की कुशलता प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष हैंडलूम वाकाथन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में कई मॉडल पारंपरिक वेशभूषा पहनकर पूरे शहर की परिक्रमा करेंगे। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओड़िशा शाखा के चेयरमैन गगन सारंगी ने बताया कि राज्य के अधिकांश टूर और ट्रैवल पार्टनर्स ने सम्मेलन के दौरान कैब और वेकेशन स्टे की बुकिंग में वृद्धि की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे सम्मेलन की तारीख नजदीक आयेगी, इन बुकिंग्स की संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। बढ़-चढ़ कर हो रहा रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण अनुरोध मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के भारतीय निवासियों से प्राप्त हुए हैं। इसके बाद खाड़ी देशों और यूरोप सहित 50 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने भी इस आयोजन में रुचि दिखायी है। पंजीकरण कराने वाले ठफ्क में केरल, महाराष्ट्र, और उत्तर प्रदेश के मूल निवासी प्रमुख हैं। ओड़िशा से भी एक बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों ने हिस्सा लेने की इच्छा जतायी है। भुवनेश्वर में आयोजित हो रहा यह 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'पूर्वोदय मिशन' के साथ पूरी तरह संरेखित है। इन योजनाओं का उद्देश्य भारत के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और उनकी निवेश क्षमता को उजागर करना है। ओड़िशा की 482 किमी लंबी तटरेखा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के सामने एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की अगुवाई में हो रहा यह एनआरआइ सम्मेलन ओड़िशा सरकार के लिए पर्यटन, बंदरगाह-आधारित बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों में बड़े निवेश आकर्षित करने का एक सुनहरा अवसर है।

# जेकेबीके महाविद्यालय के 1995 बैच के छात्रों ने गर्म कपड़े और कंबल दिये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** नये साल के अवसर पर कटक स्थित राष्ट्रीय कवि वीर किशोर (जेकेबीके) महाविद्यालय के 1995 के बैच के पूर्व छात्रों ने याजपुर जिला अंतर्गत समीआ पंचायत के अंतर्गत भालूमरा गांव के निवासियों को हाथ से बनी गर्म कंबल और अन्य गर्म सामग्री का वितरण किया। इस वितरण कार्यक्रम में वैद्यनाथ राउत, ज्ञानरंजन महांति, मुरली बेहरा, उमेश साहू, जगन्नाथ सुआर, देवेंद्र परिडा, सुरेश राउत, स्मिता बिश्वोई, सस्मिता साहू, शिवानी महांति, रंजन दित तथा 1987 के पूर्व छात्र सेनहाई श्रीयुक्त संक देओ, उपदेष्टा श्रीमती स्निग्धा कानूनगो, हरिकृष्ण भोला, बसंत कुमार लेंका प्रमुख रूप से उपस्थित थे। गांववासियों को आने वाले दिनों में अधिक सहानुभूतिपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में श्री सनातन खटुआ बैच के उपस्थित सभी बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। भालूमरा गांव के गरीब लोग ठंड से सुरक्षा पाने के लिए वितरण सामग्री पाकर आनंद और उल्लास के साथ मोहित हो गये और सभी भद्र व्यक्तियों को धन्यवाद अर्पित किया।







# खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर मल्टी ब्रांडेड रेल कोच रेस्टोरेंट

## रेलवे स्टेशन पर खानपान का एक अनोखा अनुभव





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खोरधारोड।** रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को खानपान का अनोखा अनुभव प्रदान करने के लिए एक अभिनव पहल के तहत, खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर एक 'मल्टी ब्रांडेड रेल कोच रेस्टोरेंट' खोला गया है। यात्री अब इस खूबसूरती से डिजाइन किये गये रेलवे कोच के अंदर भोजन कर सकते हैं या खोरधारोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने से पहले टेकअवे ऑर्डर कर सकते हैं। रेल कोच रेस्तरां चार प्रसिद्ध ब्रांडों अर्थात पिज्जा हट, वाउ मोमोज, नेस्कैफे और नरूला स्वीट्स और कुल्फी का स्वादिष्ट शाकाहारी और मांसाहारी भोजन परोसेगा। रेल कोच रेस्तरां का उद्घाटन पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड की अध्यक्ष गुरसिमरन कौर ने पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष मधुलिका मंडल और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड की अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। रेलवे स्टेशन के सौंदर्य को निखारने के लिए एक पुराने रेलवे कोच में बना यह अनोखा रेस्तरां रेलवे स्टेशन की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। अप्रयुक्त रेल कोच के इंटीरियर को एयर कंडीशनर, गर्म रोशनी और शानदार सजावट के साथ आरामदायक और परिष्कृत माहौल प्रदान करने के लिए सुरुचिपूर्ण ढंग से संशोधित किया गया है, जो हर निवाले को खास महसूस कराता है। कोच रेस्टोरेंट में 56 लोग भोजन कर सकते हैं और कोच के बाहर सेल्फ सर्विस क्षेत्र में दस से अधिक लोग भोजन कर सकते हैं। यह कोच रेस्तरां सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा, और यात्रियों और स्थानीय लोगों की जरूरत के हिसाब से इसके खुलने का समय बढ़ाया जायेगा। पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल की अगुआइ में शुरू की गयी। इस पहल से न केवल यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि रेलवे के बुनियादी ढांचे का रचनात्मक उपयोग कर के अतिरिक्त राजस्व भी अर्जित किया जा सकेगा। मंडल आने वाले दिनों में मंडल के कुछ और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसे रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने की योजना बना रहा है।




JOB VACANCY

सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए

एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-

- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)

Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus

Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.

Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP

नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।

Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**